सुप्रभात
रांची, बुधवार
28.08.2024
* * नगर संस्करण। पेज :12
khabarmantralive.com

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | भादो, कृष्ण पक्ष, नवमी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 49



06 मरीजों को पीड़ामुक्त करती नर्सों के चेहरे की मुस्कान


## वीर शहीद पोटो हो

की क्रांतिकारी भूमि कोल्हान प्रमंडल
की लाखों माता-बहनों को

## खुशियों का उपहार

झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत

**श्री हेमन्त सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना

**हर बहना को हर साल ₹ 12 हजार**

## सम्मान राशि का करेंगे हस्तांतरण

28 अगस्त, 2024 | अपराह्न 12:00 बजे से
फुटबॉल मैदान, रापचा, गम्हरिया, सरायकेला-खरसावाँ

**कोल्हान प्रमंडल** (सरायकेला-खरसावाँ, पूर्वी सिंहभूम और पश्चिमी सिंहभूम)
**की सभी बहनों का समारोह में स्वागत है**

48 लाख से अधिक निबंधन

लगभग 45 लाख बहनों के आवेदन स्वीकृत

31 अगस्त से पहले सभी बहनों के खातों में होगी एक हजार रुपये की सम्मान राशि (पहली किस्त)

सितंबर से हर महीने की 15 तारीख को हर बहन के खाते में पहुँचेगी सम्मान राशि



PRNO 333846 (Women,Child Development & Social Security) IPRD 24-25

महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड सरकार

**हेमन्त सोरेन**
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

## लोहरदगा स्थित चीरी के डायट में राज्यपाल ने ग्रामीण से किया संवाद, कहा

# समस्या जानने आया हूं, अपनी आंखों से देखना चाहता हूं आप सबका विकास

**बांटी खुशियां और कराया नवजात शिशु आशिया प्रवीण का अन्नप्राशन**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने मंगलवार को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) चीरी, लोहरदगा में ग्रामीणों से संवाद किया। संवाद के दौरान राज्यपाल ने कहा कि देश की आजादी के इतने वर्षों के उपरांत भी ग्रामीण क्षेत्रों में जाने पर विभिन्न समस्याओं की जानकारी देखने को मिलती है। देश के विकास के लिए ग्रामीण क्षेत्रों का विकास आवश्यक है। एक समय था कि केंद्र से लोगों के विकास के लिए भेजी गयी राशि का लाभ लाभुकों तक पूरा नहीं पहुंचता था। वर्तमान में प्रधानमंत्री लाभुकों के मध्य विभिन्न योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ पहुंचा रहे हैं।



### लाभुकों के बीच बांटी परिसंपत्ति

राज्यपाल ने मौके पर नवजात शिशु आशिया प्रवीण का अन्नप्राशन किया। विभिन्न योजना अन्तर्गत लाभुकों के मध्य पावर स्प्रेयर व व्हील चेयर वितरण किया। प्रधानमंत्री आवास योजना का पूर्णतः प्रमाण पत्र, मनरेगा स्वीकृति प्रमाण पत्र, उद्योग विभगा द्वारा सहायतार्थ राशि प्रदान की गयी।

**केंद्र 80 करोड़ लोगों को उपलब्ध करा रहा है निःशुल्क अनाज :** राज्यपाल ने कहा कि देश के किसी भी व्यक्ति की मृत्यु भूख से न हो, इसके लिए केंद्र सरकार द्वारा 80 करोड़ लोगों को निःशुल्क अनाज उपलब्ध कराया जा रहा है। मैं आप सभी के बीच यह जानने आया हूं कि आपको केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त हो रहा है अथवा नहीं, आपकी विभिन्न समस्याएं जान सकूं, ताकि इससे सरकार को अवगत कराकर इसका निदान किया जा सके। मैं आप सबका विकास देखना चाहता हूं।

### सखी मंडल के सदस्यों ने भी रखी अपनी बात

कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल के समक्ष सखी मंडल के सदस्यों ने अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि सखी मंडल से जुड़ने से पूर्व उनलोगों की आर्थिक स्थिति खराब थी, लेकिन अब इससे जुड़ने के उपरांत आर्थिक स्थिति में सुधार हो रहा है। राज्यपाल के समक्ष मुनि देवी (प्रमुख, कूड़ू, लोहरदगा), एनुल अंसारी (उप प्रमुख, कूड़ू, लोहरदगा), पंचायत के मुखिया राजेश लोहरा, मीणा उरांव, जिमा बरवाटोली, चीरी, अनिमा, ग्राम-सुकमार, सुमिता खलखो, जिमा चटकपुर, शमशाद अंसारी आदि ने संवाद किया।

**किसानों के हित में है पीएम किसान सम्मान योजना :** राज्यपाल ने कहा कि किसानों के हित में प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना संचालित है। ऐसा कोई परिवार तो नहीं है, जो निःशुल्क अनाज के लाभ की उपलब्धता से वंचित है और वे इस योजना के पात्र हैं। ग्रामीणों से कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में वे कभी पेट्रोलियम मंत्री हुआ करते थे और लोगों के मध्य एलपीजी गैस की उपलब्धता के लिए पूर्णतः सक्रिय रहे हैं। वर्तमान में प्रत्येक परिवार तक एलपीजी गैस की उपलब्धता हो, इसके लिए प्रधानमंत्री द्वारा हमारी माताओं-बहनों के मध्य प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत निःशुल्क एलपीजी गैस कनेक्शन का लाभ प्रदान किया जा रहा है।

**स्वच्छ पेयजल नितांत आवश्यक :** राज्यपाल ने ग्रामीणों से संवाद करते हुए कहा कि स्वच्छ पेयजल नितांत आवश्यक है। विभिन्न वैज्ञानिक शोधों में बताया गया है कि गंदा पानी पीने से गंभीर बीमारियां होती हैं। उन्होंने ग्रामीणों से स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता की जानकारी ली।

# राज्यपाल ने गुमला में किया पीएम जनमन जागरूकता वाहन को रवाना

**मिशन सर्वोदय के तहत पीवीटीजी हेल्पलाईन का शुभारंभ कर छात्राओं संग बांटी खुशियां**

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने मंगलवार को गुमला परिसदन में पीएम जनमन (प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान) जागरूकता वाहन को झरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साथ ही, मिशन सर्वोदय के तहत पीवीटीजी हेल्पलाईन का शुभारंभ किया। इसके उपरांत गुमला साइंस सेंटर गुमला का अवलोकन तथा छात्राओं से संवाद किया। उन्होंने साइंस सेंटर में जिले से पिछले और इस वर्ष शैक्षणिक भ्रमण के लिए इसरो गई छात्राओं से मुलाकात की। उन्होंने छात्राओं से उनके अनुभवों के बारे में पूछा। राज्यपाल ने छात्राओं से अच्छी शिक्षा प्राप्त करने और मन लगाकर पढ़ने की सलाह देते हुए कहा कि शिक्षा ही बेहतर भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इस दौरान उन्होंने सभी बच्चियों से शिक्षा के क्षेत्र में यदि कोई बदलाव किया जाना चाहिए, तो उसके लिए सलाह की मांग की। उन्होंने छात्राओं से कहा कि आप सीधे भी राजभवन से संपर्क कर सकते हैं और अपनी सलाह से हमें अवगत करवा सकते हैं। शिक्षा व्यवस्था को बेहतर करना हमारी जिम्मेदारी है, हम आपके सुझाव को गंभीरता से लेंगे।

**सावित्री बाई फुले पुस्तकालय गुमला का किया अवलोकन :** राज्यपाल ने गुमला जिला भ्रमण के क्रम में सावित्री बाई फुले पुस्तकालय गुमला का अवलोकन किया तथा वहां पढ़ने आयी छात्राओं से संवाद कर उन्हें प्रेरित किया। इस अवसर राज्यपाल ने बालिकाओं को राजभवन आने हेतु आमंत्रित किया। मौके पर राज्यपाल द्वारा विद्यार्थियों के मध्य साईकिल का भी वितरण किया गया।

**अब मोटा अनाज स्वास्थ्यवर्द्धक अनाज के रूप में जाना जाएगा :** राज्यपाल ने गुमला के बाजार समिति परिसर करौंदी में संचालित रागी प्रसंस्करण इकाई का भ्रमण किया। इस क्रम में उन्होंने वहां कार्यरत स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से संवाद कर रागी से बनाये जाने वाले उत्पादों के बारे में जानकारी ली। राज्यपाल ने दीदीयों का प्रोत्साहित किया और रागी से निर्मित उत्पादों की प्रशंसा की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर मोटा अनाज सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व में अपनी पहचान बना रहा है। मोटे अनाज एक ऐसा खाद्यान्न है, जिसको भोजन के रूप में इस्तेमाल करना बहुत ही आवश्यक है। मौके पर राज्यपाल ने विभिन्न योजनानर्गत लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण भी किया।

## डीएसपीमयू में एक हफ्ते में पूर्ण हो जायेगी नियुक्ति प्रक्रिया



**रांची।** युवा आजसू का प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को डीएसपीमयू के कुलपति से मिला। उनसे मिलकर को मैनेजमेंट विभाग में शिक्षक नियुक्ति प्रक्रिया के लिए इंटरव्यू लेने की मांग की। इस दौरान युवा आजसू के रित्विक राज ने कहा कि जल्द ही विश्वविद्यालय द्वारा शिक्षक नियुक्ति प्रक्रिया के लिए इंटरव्यू प्रारंभ नहीं किया गया तो युवा आजसू विश्वविद्यालय में धरना प्रदर्शन आंदोलन के लिए बाध्य होगी। मौके पर मौजूद डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो तपन कुमार शांडिल्य से कहा कि एक सप्ताह के भीतर इंटरव्यू लेकर नियुक्ति की प्रक्रिया को पूर्ण की जाएगी। प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप से सूर्य प्रकाश, रिशु, सुमित, आदि छात्र उपस्थित थे ।

## एमबीए के विद्यार्थियों का इंडस्ट्रियल विजिट

**रांची।** कैंब्रिज इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के एमबीए सेकंड व फोर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने मंगलवार को इंडस्ट्रियल विजिट के तहत बिहार स्टेट मिल्क फेडरेशन के रांची स्थित सुधा डेयरी प्लांट का जायजा लिया। इस दौरान सुधा डेयरी की ओर से मार्केटिंग चीफ तरुण कुमार एवं श्रीमती काजल ने विद्यार्थियों को मार्केटिंग स्ट्रेटीजी, मिल्क पैकेजिंग,मिल्क प्रोडक्ट के बारे में आवश्यक जानकारी साझा की। मौके पर मौजूद सीआईटी के इंस्टिट्यूशन्स इंडस्ट्री सेल के कोर्डिनेटर डॉ नैयर मुमताज ने कंपनी में विद्यार्थियों के लिए इंटर्नशिप सम्बन्धी मामलों पर कंपनी के प्रतिनिधियों से बात की। इंडस्ट्रियल विजिट में संस्थान के एमबीए बिभागाध्यक्ष डॉ शालिनी सिंह, प्रो। पायल चटर्जी, प्रो। नीरव कुमार, प्रो।आनंद मुंडू प्रो। महेश कुमार आदि शिक्षक साथ थे।

## सिमडेगा में चार लाख महाझींगा का संचयन

रांची। सिमडेगा जिले के केलाघाघ जलाशय के चार मत्स्यजीवि सहयोग समितियों के 40 महिला एवं पुरूष अनुसूचित जनजातियों के मत्स्य कृषकों के द्वारा मंगलवार को चार लाख महाझींगा का संचयन किया गया है। मत्स्य निदेशालय एवं केन्द्रीय अन्तर्देशीय अनुसंधान संस्थान, भारत सरकार (सीफरी), भारत सरकार के संयुक्त प्रयास से छोटे जलाशयों का महाझींगा के पालन प्रोजेक्ट अनुसूचित जनजातियों के सामाजिक तथा आर्थिक उत्थान के लिय किया जा रहा है। इसी क्रम में सिमडेगा जिले के केलाघाघ जलाशय मत्स्य कृषकों के द्वारा चार लाख महाझींगा का संचयन किया गया। इस मौके पर निदेशक मत्स्य डॉ एचएन द्विवेदी, डॉ एके दास, प्रधान वैज्ञानिक, सीफरी, सीमा टोप्पो, जिला मस्त्य पदाधिकारी, सिमडेगा भी उपस्थित थीं। उन्होंने कहा कि ऐसे परियोजना से भविष्य में जलाशयों में महाझींगा के उत्पादन के क्षेत्र में नई क्रांति आयेगी।

# निशिकांत के बयान पर बिफरा मूलवासी सदान, ओबीसी और तेली समाज

**कहा- राजेन्द्र प्रसाद ही झारखंडियों के रक्षक**

**निशिकांत दुबे का आरोप निराधार और झूठ का पुलिंदा**

खबर मन्त्र ब्यूरो

### निशिकांत दुबे का पुतला फूंका



**रांची।** गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे को झारखंड के वास्तविकता की कोई जानकारी नहीं है और न यहां की संस्कृति के बारे में उन्हें मालूम है। राजेन्द्र प्रसाद झारखंड आन्दोलनकारी हैं। राज्य के लिए इनका बड़ा योगदान है। वे हमारे अधिकारों को लेकर लगातार आंदोलन और संघर्ष कर रहे हैं। उक्त बातें आज मूलवासी सदान मोर्चा रांची जिला के अध्यक्ष मुरारी गुप्ता ने निशिकांत दुबे का पुतला दहन करते हुए कही। कहा गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे, मूलवासी सदान मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद के उपर यह आरोप लगा रहे हैं कि लोकसभा चुनाव में गोड्डा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को चुनाव हराने में एड़ी- छोटी एक कर दिया था, जबकि नरेंद्र मोदी गोड्डा से कभी चुनाव नहीं लड़े हैं। गुप्ता ने कहा कि राजेन्द्र प्रसाद गोड्डा में किसी भी प्रत्याशी के समर्थन में कोई बयान तक नहीं दिये हैं। श्री गुप्ता ने बताया कि बल्कि सांसद के उपर आरोप है कि पिछले विधानसभा चुनाव में वे कांग्रेस प्रत्याशी को जरमुंडी और महागामा में चुनाव जितवाने में लगे थे। निशिकांत दुबे के द्वारा राजेन्द्र प्रसाद के लिए अमर्यादित और झुठा बयान का मूलवासी सदान मोर्चा, तेली समाज व ओबीसी समाज घोर विरोध एवं निन्दा करता है। श्री गुप्ता ने कहा कोई भी व्यक्ति पिछड़ी जाति और मूलवासी सदानों का अपमान करेगा उस व्यक्ति का मूलवासी सदान विरोध करेगा।

चैंबर्स ऑफ कॉमर्स रातू के उपाध्यक्ष विशाल कुमार साहू ने कहा कि इस बात का संज्ञान भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व और प्रदेश नेतृत्व को लेना चाहिए और श्री दुबे के विरूद्ध कार्रवाई करनी चाहिए। तेली समाज महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विजय साहू ने कहा कि निशिकांत दुबे बाहर से आकर यहां सांसद बने हैं और यहां के ओबीसी, दलित, मूलवासी सदान को गाली देने का काम कर रहे हैं। पिछड़ा, मूलवासी सदान एवं झारखंडी कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। प्रो. अरविंद ने प्रसाद ने कहा कि आने वाले लोकसभा चुनाव में निशिकांत दुबे को पता चल जाएगा कि पिछड़ी जाति और मूलवासी सदानों को गालियां देने का क्या परिणाम होता है। पुतला दहन कार्यक्रम में विशाल सिंह, अमित साहू, मुकेश पुराण, संदीप साहू, शिव कुमार, हरीश ठाकुर, नीरज साहू, विकास कुमार, मृत्युंजय साहू, अंकित राम, अर्पित, निखिल गोप, राज वर्मा, आलोक वर्मा, पंकज कश्यप, राजू पासवान, मंटू साहू, निसार खान, मुकेश साहू राहुल कुमार आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

### मूलवासी सदान कोई जाति नहीं एक जमात है

झारखंड में मूलवासी सदानों की आबादी 65 प्रतिशत है, जिसमें 55 प्रतिशत ओबीसी हैं। मूलवासी सदान कोई जाति नहीं एक जमात है। जिसमें अगड़ी, पिछड़ी, दलित सभी झारखण्डी आते हैं। इस जमात का नेतृत्व राजेन्द्र प्रसाद करते हैं। राजेन्द्र प्रसाद पिछड़ी जाति से आते हैं और वे पिछड़ी जाति और मूलवासी सदानों के अधिकारों के लिए लगातार संघर्ष कर रहे हैं। हमलोगों को राजेन्द्र प्रसाद पर गर्व है। श्री गुप्ता ने कहा निशिकांत दुबे ने ओबीसी, दलितों को अपमानित करना नहीं छोड़ा, तो इसका खमियाजा भाजपा को भुगतना पड़ सकता है। मूलवासी सदान झारखंड, असम और बंगाल में इसकी इकाई है और यह एक समाजिक न्याय संगठन है। ऐसे में राजेन्द्र प्रसाद के उपर निशिकांत दुबे के अमर्यादित टिप्पणी से भाजपा को नुकसान हो सकता है।

## संताल के छह जिलों के डीसी ने हाईकोर्ट को किया गुमराह : बाबूलाल मरांडी



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने घुसपैठ मामले को लेकर एक बार फिर राज्य सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि संताल परगना के छह जिलों के डीसी ने हाईकोर्ट को गुमराह करने का काम किया है। आगे लिखा कि झारखंड में आदिवासियों की घटती आबादी एक कड़वी सच्चाई है। हालिया कुछ सालों के दौरान बांग्लादेशी मुसलमानों के अप्रत्याशित घुसपैठ के कारण आदिवासी समाज की आबादी में निरंतर गिरावट आयी है, जिस पर चिंता व्यक्त करते हुए हाईकोर्ट ने संथाल परगना के उपायुक्तों से जवाब मांगा था। लेकिन हेमंत सोरेन के इशारे पर संताल परगना के 6 जिलों के डीसी ने आदिवासियों की घटती आबादी की हकीकत को छुपाकर हाईकोर्ट को गुमराह करने का काम किया है। आखिर हेमंत सोरेन इस सच्चाई को आदिवासी समाज से छुपाकर उन्हें अंधेरे में क्यों रखना चाहते हैं? क्या हेमंत सोरेन का शासन-प्रशासन भी आदिवासियों को मिटा देना चाहता है?

## चंपई के साथ उनके बेटे को भी मिलेगा टिकट!

**भाजपा की पिता-पुत्र दोनों पर मेहरबानी**



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** चंपई सोरेन के भाजपा में शामिल होने को भाजपा पूरी तरह भुनाने के मूड में है। प्रदेश भाजपा के नेता इसे लेकर उत्साहित हैं। उनके लिए भाजपा कार्यालय में अभिनंदन व स्वागत समारोह का आयोजन किए जाने की बात कही जा रही है। साथ ही चंपई सोरेन की मौजूदगी में कोल्हान से ही चुनावी कार्यक्रमों की शुरूआत करने की योजना है। पहले कार्यक्रम को गृह मंत्री अमित शाह संबोधित करेंगे। इस बीच सूत्रों ने यह स्पष्ट किया है कि भाजपा व चंपई सोरेन के बीच जो बात हुई है, उसमें चंपई के अलावा उनके बेटे को भी भाजपा से टिकट मिलेगा। जानकारी के अनुसार, गृह मंत्री अमित शाह चंपई सोरेन के गांव भी जा सकते हैं। हालांकि अभी अमित शाह के दौरा को लेकर आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। लेकिन सितंबर माह में अमित शाह सरायकेला आ सकते हैं। चंपई सोरेन और अमित शाह के बीच हुए बातचीत में गृह मंत्री ने चंपई सोरेन के गांव जिलीगोड़ा आने की बात कही थी।

### प्रदेश कार्यालय में होगा भव्य स्वागत समारोह

चंपई सोरेन 30 अगस्त को भाजपा में शामिल होंगे। झारखंड प्रदेश कार्यालय में भव्य अभिनंदन सह स्वागत समारोह का आयोजन किया जाना है। इसमें प्रदेश से लेकर केंद्र के भी नेता शामिल हो सकते हैं। शुक्रवार को ही चंपई आधिकारिक रूप से भाजपा का दामन थाम लेंगे। फिलहाल बुधवार को पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन झारखंड लौटेंगे। जिसके बाद मंत्री पद और झामुमो से इस्तीफा दे देंगे। इसके बाद अपने क्षेत्र सरायकेला जाएंगे। फिर वापस रांची लौटेंगे।

## मो. इश्तियाक अहमद लेक व्यू अस्पताल में था रेडियोलॉजिस्ट

# एक मरीज पर मिलते थे छह सौ रुपये

**मेदांता, राज अस्पताल, मेडिका, पल्स में था कार्यरत मो. इश्तियाक अहमद**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** रांची महानगर कांग्रेस के पूर्व नेता व बरियातू स्थित लेक व्यू अस्पताल के डायरेक्टर अफसर खान उर्फ बबलू खान ने इडी को कहा कि उसका मो. इश्तियाक अहमद से कोई व्यक्तिगत नाता रिश्ता नहीं है। वह उनके अस्पताल में रेडियोलॉजिस्ट था और उसे एक मरीज देखने के लिये छह सौ रुपये दिये जाते थे। अफसर खान से इडी ने डॉ इश्तियाक अहमद को लेकर कई सवाल पूछे, जिसकी जानकारी लिखित रूप में दी गयी। मो. इश्तियाक अहमद 2017 से जुड़े थे, अस्पताल का लाइसेंस डॉ निखत के नाम पर था। अचानक डॉ निखत ने अपना लाइसेंस कैंसिल कर दिया। इसके बाद डॉ इश्तियाक अहमद ने संपर्क कर अपना लाइसेंस सदर अस्पताल में देकर मेरे अस्पताल से जुड़ गए। इससे पहले डॉ इश्तियाक अहमद मेदांता, राज अस्पताल, मेडिका, पल्स में काम कर चुके थे।

### डॉ इश्तियाक कैश लेकर काम करता था

इडी को बबलू खान ने बताया कि डॉ इश्तियाक अहमद को कैश में पेमेंट दिया जाता था। अकाउंट में लेनदेन नहीं था। अफसर खान ने कहा कि इतने लंबे समय में मेरी उससे फोन पर बहुत ही कम बात होती थी। जो भी बात फोन पर होती थी वो मरीज को लेकर ही होती थी। उससे व्हाट्सएप या किसी और भी चीज से संपर्क ज्यादा रहा। अस्पताल से जुड़ा था, लेकिन कभी भनक तक नहीं लगी कि वह आतंकी संगठन से जुड़ा था। अफसर खान ने कहा कि अस्पताल को लेकर मैंने बताया कि हजारीबाग के व्यक्ति से जमीन खरीदी थी। इसके बाद बैंक से लोन व एक फ्लैट बेचकर अस्पताल खड़ा किया। शुरू में अस्पताल में बहुत ही कम सामान थे। अस्पताल से ही कमाकर धीरे-धीरे समान खरीदे। शुरू में न आईसीयू या डायलेसिस था, बाद में इसे पूरा किया गया।

# पहले संन्यास की सोची, फिर जनता का हौसला देख नया अध्याय शुरू करने का फैसला : चंपई

**30 अगस्त को भाजपा में शामिल होंगे कोल्हान टाइगर चंपई सोरेन**

**चंपई को भाजपा में जाने से पहले मिली जेड प्लस श्रेणी की सुरक्षा**

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** पूर्व सीएम और हेमंत सोरेन सरकार में मंत्री चंपई सोरेन अब भाजपा में शामिल होंगे। रांची में आयोजित एक कार्यक्रम में उन्हें पार्टी की विधिवत सदस्यता दिलाई जाएगी। इस बारे में असम के सीएम और झारखंड में भाजपा के सह चुनाव प्रभारी हिमंता विस्वा सरमा ने जानकारी दी है। बताते चलें कि 26 अगस्त की देर शाम भाजपा के वरीय नेता और देश के गृह मंत्री अमित शाह से चंपई सोरेन की मुलाकात के बाद हिमंता ने इस बारे में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (एक्स) पर इसकी सूचना दी है। इस मुलाकात के दौरान हिमंता स्वयं भी मौजूद थे। संभवतः 28 अगस्त को चंपई रांची लौटेंगे। हेमंत सरकार से मंत्री पद छोड़ने के अलावा झामुमो से भी सभी पदों से इस्तीफा देंगे। अमित शाह संग फोटो के सामने आने के साथ ही चंपई को लेकर झारखंड के सियासी गलियारे में जारी सस्पेंस भी थम गया है। लगातार सबकी नजर पूर्व सीएम पर थी कि हेमंत सोरेन सरकार से नाराज होने के बाद आखिर वह क्या कदम उठाएंगे।

### अब नया संगठन नहीं, भाजपा ही ठिकाना

मालूम हो कि जमीन घोटाला मामले में हेमंत सोरेन के जेल जाने के बाद चंपई को सीएम बनाया गया था। परंतु जेल से निकलते ही हेमंत सोरेन फिर से सीएम बन बैठे थे। सीएम पद से हटाए जाने के बाद से ही चंपई नाराज चल रहे थे। इसके बाद वे दिल्ली भी गये थे जहां भाजपा नेताओं से उनकी मुलाकात की बात कही जा रही थी। हालांकि वापस सरायकेला लौटने पर उन्होंने कहा था कि वे अपना नया संगठन बनाएंगे। इसके बाद वे फिर 26 अगस्त को दिल्ली में थे, जहां असम सीएम के साथ उन्होंने अमित शाह से भेंट की। इसके बाद तय हो गया कि वे भाजपा में शामिल होंगे।

### गुरु जी का स्वास्थ्य ठीक होता तो.....

दिल्ली में मीडिया से बात करते हुए चंपई सोरेन ने कहा कि इससे पहले 18 तारीख को जब यहां आये थे तो अपना विचार दे दिया था। लेकिन पार्टी के बड़े नेता गुरू जी का स्वास्थ्य ठीक नहीं रहता है और वो ठीक से बोल नहीं पाते हैं। इसलिए हमने अब एक नया अध्याय शुरू करने का फैसला किया है। आगे कहा कि पहले मैंने संन्यास लेने की सोची थी, लेकिन बाद में जनता व कार्यकर्ता का हौसला और उनकी मांग को देखते हुए सोचा कि सक्रिय रूप से राजनीति में ही रहूंगा। आगे कहा कि पहले सोचा था कि नया संगठन बनायेंगे, लेकिन समय की कमी और झारखंड प्रदेश की अलग परिस्थीति को देख और मंथन करने के बाद देश के प्रधानमंत्री और गृहमंत्री अमित शाह पर विश्वास बढ़ गया और हमने भारतीय जनता पार्टी में जाने का निर्णय ले लिया

### कोई कुछ भी कहे, हम जवाब देना उचित नहीं समझते

चंपई सोरेन ने आगे के क्या प्लान है वाले सवाल पर कहा कि कल (28 अगस्त) झारखंड जा रहे हैं। वहीं दूसरे सवाल पर कहा कि झारखंड में मैंने बहुत संघर्ष किया है, मेरा इतिहास आइने की तरह साफ है, इसलिए कोई कुछ भी कहे, उसका जवाब देना हम उचित नहीं समझते हैं। लेकिन हम भारतीय जनता पार्टी में शामिल होंगे। चंपई सोरेन ने यह भी पुष्टि की कि उनके बेटे बाबूलाल सोरेन भी भाजपा का दामन थामेंगे। चंपई ने बाबूलाल मरांडी आपके बीजेपी में आने पर नाराज हैं के सवाल पर कहा कि हम उस बारे में कुछ भी नहीं कहेंगे।

## आरक्षण के नाम पर राज्य में ओबीसी और मूलवासियों को हमेशा ठगा गया : सूरज मंडल

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड आंदोलनकारी सह भाजपा नेता सूरज मंडल ने राज्य के ओबीसी, मूलवासियों को जागरूक होने और असेंबली इलेक्शन में प्रभावी रोल निभाने की अपील की है। सूरज मंडल मंगलवार को रांची प्रेस क्लब में मीडिया से बात कर रहे थे। सूरज मंडल ने कहा कि राज्य में ओबीसी, मूलवासियों को हमेशा ठगा गया है। जब झारखंड बिहार का हिस्सा था, तब कार्मिक विभाग के 13 मई 2005 के लेटर के आधार पर ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण का लाभ था। अलग राज्य बनने के बाद ओबीसी आरक्षण 27 प्रतिशत से 14 प्रतिशत कर दिया गया। इस कारण साढ़े पांच-छह लाख नौकरियां ओबीसी, मूलवासी की छीन ली गयीं। उन्होंने कहा कि राज्य में 24 में से 19 साल आदिवासी शासन ही रहा जबकि सिर्फ एक बार पांच साल के लिए बाहरी का शासन दिखा। आखिर इसमें मूलवासी, स्थानीय ओबीसी कहां दिखा। उन्होंने कहा कि यह बात सही है कि राज्य में ट्राइबल का आरक्षण ओबीसी से ज्यादा है। हमलोगों में तो ना सिर्फ आरक्षण सीमा कम कर दी गयी बल्कि क्रीमी लेयर भी लागू है। उन्होंने कहा कि झारखंड में होना यह चाहिए कि एससी, एसटी और ओबीसी को एकसमान बनाया जाए। इसके लिए ओबीसी नौजवानों को तैयार होकर आगे आने होगा।

**सुप्रीम कोर्ट के खिलाफ जनांदोलन का ढोंग :** सूरज मंडल ने कहा कि सरकार ने नहीं, सुप्रीम कोर्ट ने क्रीमी लेयर लागू करने के मामले में कहा था। इसके बावजूद ट्राइबल और दूसरे वर्ग के पाखंडी लोग सुप्रीम कोर्ट के भी खिलाफ हंगामा करने लगे। यहां की सरकार में एक बार ही बाहरी था जबकि बाकी समय ट्राइबल की सरकार थी। इसके बावजूद भी यहां के मूलवासियों को उचित न्याय नहीं मिला। सुप्रीम कोर्ट के क्रीमी लेयर वाली बात पर उन्हीं लोगों ने हंगामा मचाया जो शासन में रहते हुए यहां के लोगों के लिए कुछ नहीं किया। उन्होंने कहा कि अपर कास्ट (राजपूत, ब्राह्मण वगैरह) ने यहां के गरीब लोगों को को कभी नहीं लूटा बल्कि आदिवासी के नाम पर राजनीति करने वालों ने लूटा है।



### बीजेपी ने मुझे कुछ नहीं दिया चंपई को क्या देगी

पूर्व सीएम चंपई सोरेन के बीजेपी में शामिल होने की बात पर पूर्व सांसद सूरज मंडल ने कहा कि बीजेपी ने मुझे क्या दिया। उसने तो मुझे रोड पर लाकर खड़ा कर दिया है। 10 साल में मोदी जी के नाम पर बीजेपी वालों ने झारखंड को बर्बाद कर दिया। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान और असम के सीएम हीमंता बिस्वा सरमा पर हमला करते हुए मंडल ने कहा कि दोनों झारखंड में आकर ऊलजुलूल बोलते रहते हैं। उन्हें झारखंड की माटी के बारे में आखिर पता क्या है। चंपई सोरेन पर बरसते हुए मंडल ने उनकी तुलना कौआ से कर दी। कहा कि सांसद रहते उन्होंने चंपई को घंटी छाप पर विधानसभा चुनाव जिताया था।

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सुप्रभात
रांची, बुधवार
28.08.2024
नगर संस्करण। पेज :12

khabarmantralive.com
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net
भादो, कृष्ण पक्ष, नवमी, संवत् 2081
मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 49
12



सुनील शेट्टी ने शुरू की हंटर 2 की शूटिंग

## न्यूज डायरी

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिले बाबूलाल मरांडी

**रांची।** झारखंड के भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मंगलवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। दोनों के बीच झारखंड के वर्तमान राजनीतिक हालातों पर चर्चा हुई।

### 500 के पांच जाली नोट के साथ आरोपी धराया

**साहेबगंज।** राधानगर थाना पुलिस ने मंगलवार को 500 के पांच जाली नोटों के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। वह जाली नोट लेकर शराब खरीदने दुकान पहुंचा था। गिरफ्तार आरोपी रिंटू शेख राधानवर थाना क्षेत्र के दियरगांव कबीरटोला का रहने वाला है। इस मामले में राधानगर थाने में मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

### दौड़ लगाते डेढ़ दर्जन अभ्यर्थी बेहोश

**पलामू।** डालटनगंज के चियांकी स्थित हवाई अड्डा परिसर में उत्पाद विभाग के सिपाही पद पर भर्ती के लिए शारीरिक दक्षता प्रतियोगिता में दौड़ लगाते डेढ़ दर्जन अभ्यर्थी मंगलवार को बेहोश हो गए। उन्हें एमआरएमसीएच में भर्ती कराया गया है। उनकी स्थिति खतरे से बाहर है, सभी का इलाज जारी है।

### विनोद सिन्हा लड़ेंगे पांकी से विस चुनाव

**पलामू।** पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा के करीबी कुशवाहा विनोद सिन्हा ने पांकी विधानसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे। मंगलवार को मेदिनीनगर के बाइपास रोड में पत्रकारों से बात करते हुए कुशवाहा विनोद सिन्हा ने कहा कि पांकी विधानसभा क्षेत्र को विकास के नये आयाम पर खड़ा करके दिखाउंगा।

### जय शाह निर्विरोध चुने गये आइसीसी के अध्यक्ष

**नयी दिल्ली।** बीसीसीआई के सचिव जय शाह निर्विरोध रूप से आइसीसी के अगले अध्यक्ष चुने गए हैं। वे एक दिसंबर 2024 से आईसीसी अध्यक्ष का पदभार संभालेंगे। फिलहाल ग्रेग बार्कले वर्तमान आईसीसी अध्यक्ष हैं, जिनका कार्यकाल 30 नवंबर को समाप्त होगा। जय शाह के निर्विरोध चयन के बाद आईसीसी ने कहा है कि वो इस पद के लिए एकमात्र उम्मीदवार थे। सिर्फ उन्होंने ही अध्यक्ष पद के लिए नामांकन भरा था। जबकि वर्तमान अध्यक्ष बार्कले ने खुद को रेस से अलग रखा था।

### महिला टी-20 विश्व कप की भारतीय टीम घोषित

**नयी दिल्ली।** आइसीसी महिला टी-20 क्रिकेट विश्व कप 2024 के लिए 15 सदस्यीय भारतीय दल की घोषणा कर दी गयी है। स्टार बल्लेबाज हरमनप्रीत कौर भारतीय टीम की कप्तान होंगी। टीम की उपकप्तानी स्मृति मंधाना करेंगी। क्रिकेट टूर्नामेंट दुबई और शारजाह में 3 से 20 अक्टूबर तक खेला जाएगा। भारत ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैण्ड, पाकिस्तान और श्रीलंका के साथ ग्रुप ए में है।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 67800 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 86000 रु./प्रति किलो |




---

मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना के 7.33 लाख लाभुकों को भेजी राशि

# आधी आबादी को सशक्त व मजबूत बनाने वाला ही आगे बढ़ेगा : हेमंत

■ महिलाएं थी उत्साहित, सीएम ने कहा- हमारा प्रयास आपकी हर समस्या का समाधान करना

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची/दुमका।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना को लेकर राज्यभर की महिलाओं में जो खुशी देखने को मिल रही है, वह अदभुत है। यही उत्साह हमें हर मुसीबतों तथा चुनौतियों से लड़ने की ताकत देता है। श्री सोरेन मंगलवार को दुमका जिला के जामा प्रखंड स्थित पांजन पहाड़ी में झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आधी आबादी को जो मजबूत और सशक्त करेगा, वही राज्य आगे बढ़ेगा। राज्य के विकास के लिए महिलाओं की भागीदारी हर हाल में जरूरी है। यही वजह है कि हमारी सरकार आधी आबादी को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

**जिन्होंने कभी ब्लॉक ऑफिस नहीं देखा उनके दरवाजे पहुंच रही सरकार** : मुख्यमंत्री ने कहा कि आज से 4 वर्ष पहले कई ऐसे गांव थे, जहां के लोगों ने कभी ब्लॉक ऑफिस तक नहीं देखा था। डीसी-एसपी ऑफिस के बारे में जिन्हें कोई जानकारी तक नहीं थी। उनके दरवाजे पर आज पूरी सरकार पहुंच रही है। प्रशासन और विभाग के अधिकारी घर तक पहुंचकर समस्याओं का समाधान कर रहे हैं।

कार्यक्रम में मंत्री सत्यानंद भोक्ता, बेबी देवी, मंत्री हफीजुल हसन, मंत्री दीपिका पांडेय, मंत्री इरफान अंसारी, सांसद नलिन सोरेन, विधायक प्रदीप यादव, विधायक बसंत सोरेन, विधायक बादल, विधायक दिनेश विलियम मरांडी, विधायक कल्पना सोरेन, जिप अध्यक्ष जॉयस बेसरा, प्रमंडलीय आयुक्त लाल चंद दादेल आदि थे।



### गरीबों का पुराना बकाया बिजली बिल माफ करेगी सरकार : हेमंत सोरेन

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने दुमका को सौगात देते हुए मंगलवार को एक बड़ी घोषणा की। सीएम ने कहा कि उनकी सरकार गरीबों का बकाया पुराना बिजली बिल माफ करेगी। राज्य सरकार 200 यूनिट तक मुफ्त बिजली भी दे रही है। बिजली का पुराना बकाया होने से उसमें ब्याज भी जुड़ जाता है। ऐसे में आपकी सरकार पहले चरण में उन गरीबों का जो इनकम टैक्स नहीं भरते हैं, उनका सारा बकाया बिल माफ करेगी। कई परिवार ऐसे भी हैं जो बकाया बिल बकाया के कारण सरकार की इस योजना का लाभ नहीं ले पाते हैं। इन सभी चीजों की समीक्षा की है। आगे चलकर सरकार ने ऐसे परिवार का बिजली बिल शून्य करेगी।

**लड़ कर लेंगे अपना हक** : सीएम ने कहा कि अलग झारखंड की लड़ाई के समय हम लोग यह नारा लगाते थे कि कैसे लोगे झारखंड लड़ कर लेंगे झारखंड। राज्य तो हमारा बन गया पर अब हमारी यह लड़ाई राज्य में खनन करने वाली कंपनियों से होगी। अब हम लड़कर उनसे अपना हक लेंगे। राज्य में खनन कर रही कंपनियों से हिसाब चुकता की जायेगी। विस्थापितों की समस्या का समाधान करायेंगे।

### गांवों की मजबूती से राज्य के विकास का रास्ता होगा तय

मुख्यमंत्री ने कहा कि गांवों को मजबूत किए बगैर राज्य मजबूत नहीं बन सकता है। यही वजह है कि हमारी सरकार रांची हेडक्वार्टर की बजाय गांव-देहात से चल रही है। आपकी योजना-आपकी सरकार- आपके द्वार कार्यक्रम के तहत गांव-गांव टोले -टोले में शिविर लगाकर सरकार की योजनाओं से समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को भी जोड़ने का काम किया गया। यह कार्यक्रम निरंतर चलेगा। सीएम ने कहा कि हमारा प्रयास आपकी हर समस्या का समाधान करना है।

### वैकल्पिक कृषि को लेकर कर रहे मदद

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए सरकार कई योजनाएं लेकर आयी है। मौसम में जिस तरह का बदलाव देखने को मिल रहा है, उसमे किसानों को पारंपरिक खेती के अलाव वैकल्पिक कृषि के लिए आगे आने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि बिरसा हरित ग्राम योजना, दीदी बाड़ी योजना और मुख्यमंत्री पशुधन योजना जैसी अनेकों योजनाएं हैं, जिससे जुड़कर किसान अपनी आय बढ़ा सकते हैं।

---

पूर्व सीएम ने झामुमो को कहा अलविदा

# भाजपा ही आदिवासी समाज की सच्ची हितैषी: चंपई सोरेन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

रांची। पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने आदिवासियों की अस्मिता और अस्तित्व को बचाने के लिए भारतीय जनता पार्टी से जुड़ने का फैसला लिया है। उन्होंने इस बात का जिक्र मंगलवार को लिखे अपने एक पत्र में किया है।

पत्र में चंपई सोरेन ने लिखा है कि इस राजनीतिक उठा-पटक के बीच झारखंड की जनता से मिल कर उनकी राय जानने का प्रयास किया। कोल्हान की जनता ने सन्यास लेने का विकल्प नकार दिया। झामुमो में कोई ऐसा फोरम नहीं था, जहां अपनी पीड़ा को व्यक्त कर पाता। गुरुजी स्वास्थ्य कारणों से राजनीति से दूर हैं। उन्होंने आगे लिखा कि संथाल परगना में बांग्लादेशी घुसपैठ एक बड़ी समस्या बन चुकी है। ये घुसपैठिए आदिवासी-मूलवासी की जमीनों पर कब्जा कर रहे हैं और उन्हें आर्थिक तथा सामाजिक नुकसान पहुंचा रहे हैं। चंपई सोरेन ने पत्र के माध्यम से कहा कि राजनीति से इतर, इस मुद्दे को एक सामाजिक आंदोलन बनाना होगा, तभी आदिवासियों का अस्तित्व बच पायेगा और इस मुद्दे पर सिर्फ भाजपा ही गंभीर है और बाकी पार्टियां वोटों की खातिर इसे नजरअंदाज कर रही है। इसलिए आदिवासी अस्मिता एवं अस्तित्व को बचाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी से जुड़ने का फैसला लिया।



### भाजपा ही सही, बाकी सब ऐसी-तैसी : चंपई

> भाजपा ही आदिवासियों की सच्ची हितैषी है। इसलिए भाजपा से जुड़ रहा। बाकी सब ऐसी की तैसी हैं।
> *चंपई सोरेन*

### चंपई सोरेन का फैसला आत्मघाती : झामुमो

**रांची।** पूर्व सीएम चंपई सोरेन के भाजपा में शामिल होने की घोषणा को झामुमो ने आत्मघाती कदम बताया है। पार्टी के महासचिव विनोद पांडेय ने कहा कि अब तक चंपई सोरेन ने झामुमो से इस्तीफा नहीं दिया है। भाजपा में शामिल होने से पहले चंपई सोरेन अपने फैसले पर पुनर्विचार करें। उनके भाजपा में शामिल होने के फैसले से झामुमो के कार्यकर्ताओं में भारी नराजगी है।

**सीएम ने बात करनी चाही थी, पर नहीं हो सकी** : विनोद पांडेय ने बताया कि जमशेदपुर में एक निजी कार्यक्रम के दौरान सीएम हेमंत सोरेन ने भी चंपई सोरेन से बात करनी चाही थी। लेकिन उनसे बात नहीं हो सकी। अगर चंपई सोरेन को किसी भी बात को लेकर नराजगी थी, तो उन्हें बात करनी चाहिए थी, पार्टी में चर्चा करनी चाहिए थी।

### चंपई को मिली जेड प्लस सुरक्षा

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को जेड प्लस सुरक्षा प्रदान की गयी है। दिल्ली से लौटते ही उन्हें जेड प्लस सुरक्षा मिल जायेगी। अब चंपई सोरेन की सुरक्षा में 36 जवान तैनात रहेंगे। मालूम हो कि केंद्रीय गृह मंत्रालय समय-समय पर नेताओं की सुरक्षा-व्यवस्था की समीक्षा करता है। इसके बाद तय करता है कि किस नेता को किस श्रेणी की सुरक्षा देनी है। जेड प्लस श्रेणी सुरक्षा में झारखंड में राज्यपाल संतोष गंगवार, सीएम हेमंत सोरेन, अर्जुन मुंडा, चंपई सोरेन, शिबू सोरेन, ओड़िशा के राज्यपाल रघुवर दास और सीता सोरेन को प्रदान किया गया है। चंपई आठवें नंबर की सुरक्षा श्रेणी में शामिल हैं।

---

राजधानी रांची में सड़क जाम को लेकर हाई कोर्ट गंभीर, कहा

# राज्य में कानून व्यवस्था फेल

■ डीजीपी, रांची डीसी, एसएसपी और ट्रैफिक एसपी हुए हाजिर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची में 23 अगस्त को भारतीय जनता युवा मोर्चा की आक्रोश रैली के दिन हाई कोर्ट के जस्टिस एसके द्विवेदी के कांके रोड में जाम में फंसने मामले में रांची डीसी, डीजीपी, रांची एसएसपी, ट्रैफिक एसपी हाईकोर्ट में सशरीर उपस्थित हुए। जस्टिस एसके द्विवेदी की कोर्ट ने उक्त तीनों पुलिस के वरीय अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कहा कि जब हाई कोर्ट के सिटिंग जज सीएम आवास के समक्ष जाम में फंस रहे हैं उन्हें निर्धारित स्थल पहुंचने में कई घंटे का समय लग रहा है तो आम जनता की स्थिति क्या होगी यह समझा जा सकता है। अदालत ने कहा कि 23 अगस्त को हाई कोर्ट से वापस लौटने के दौरान सीएम आवास कांके रोड के समक्ष जाम के कारण उन्हें रुकना पड़ा।

कोर्ट ने कहा कि कांके रोड में कोई धरना-प्रदर्शन नहीं था इसके बावजूद भी वहां 300 से ज्यादा पुलिसकर्मी सुरक्षा में तैनात थे। कोर्ट ने मौखिक कहा कि ऐसी घटना कानून व्यवस्था का फेलियर है। यह गंभीर मामला है, हाई कोर्ट के सिटिंग जज सुरक्षित नहीं हैं। लगता है सुरक्षा व्यवस्था सिर्फ राजनेताओं एवं मंत्रियों के लिए है। कोर्ट ने मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए इसे हाई कोर्ट की एक्टिंग चीफ जस्टिस के पास विस्तृत सुनवाई के लिए भेज दिया। इससे पहले डीजीपी की ओर से कोर्ट से कहा गया कि दोबारा ऐसी घटना नहीं होगी। उन्होंने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था में कुछ चूक हुई है। कोर्ट ने उनसे कहा कि जब रांची शहर में धरना-प्रदर्शन होते है तो हजारों लोगों को राजधानी में प्रवेश के लिए कैसे अनुमति दी जाती है।

लगता है सुरक्षा व्यवस्था सिर्फ नेता-मंत्रियों के लिए : कोर्ट



राज्य सरकार से पूछा

### स्कूल-कॉलेज और मंदिरों के पास शराब दुकानें और बार कब बंद होंगी

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने मादक पदार्थों की बिक्री एवं अवैध शराब की बिक्री की रोकथाम पर पुलिस की एसओपी पर कड़ी टिप्पणी की। कोर्ट ने मौखिक कहा कि राज्य सरकार बताए कि मंदिर एवं शिक्षण संस्थान के निकट जो बार एवं रेस्टोरेंट और खुदरा शराब हैं उन्हें कब बंद किया जाएगा? कोर्ट ने कहा कि पुलिस की एसओपी केवल आईवाश वाली नहीं होनी चाहिए। मामले में एमिकस क्यूरी ने एसओपी पर जवाब के लिए समय मांगा। जिसे कोर्ट ने मंजूर कर अगली सुनवाई 29 अगस्त को तय की।

### सड़क निर्माण के लिए बनाये गये कैंप पर उग्रवादी हमला

**गुमला।** जिले के बसिया में उग्रवादियों ने मंगलवार तड़के बसिया व सिसई प्रखंड को जोड़ने वाली सड़क निर्माण के लिए बनाये गये कैंप पर हमला कर दिया। हमले में कई गाड़ियों के शीशे तोड़ डाले और कैंप में सो रहे कर्मचारियों को भी मारा-पीटा। जिससे छह कर्मचारियों को चोट लगी है। बाकी कर्मचारी कैंप से भाग खड़े हुए। जानकारी के अनुसार अहले सुबह 10 से 12 की संख्या में हथियारबंद उग्रवादी आये थे। लेवी की मांग को लेकर सिसई और बसिया सड़क का निर्माण कार्य बंद करने की धमकी दी और कैंप में खड़ी गाड़ियों पर हमला कर दिया। उस वक्त कई कर्मचारी सो रहे थे।

गौरतलब हो कि गुमला जिले के बसिया प्रखंड के पोकटा गांव के समीप विनोद जैन कंस्ट्रक्शन की ओर से पुल निर्माण कार्य कराया जा रहा है। सड़क की लागत 60 करोड़ रुपये से अधिक की है। पुल का काम अधूरा है। उग्रवादियों ने 40 लाख रुपये लेवी की मांग की थी। लेवी नहीं मिलने के बाद मंगलवार की सुबह नारेकेला जंगल की ओर से उग्रवादी पुल निर्माण स्थल के समीप बने कैंप पर पहुंचे और हमला कर दिया।

---

**सचिवालय घेराव :** दर्जनों जगहों पर पुलिस से भिड़े प्रदर्शनकारी

# कोलकाता से हावड़ा तक बना रणक्षेत्र

**एजेंसी**

**कोलकाता।** सचिवालय घेराव अभियान के दौरान मंगलवार को पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच जगह-जगह झड़प हो गयी। सांतारागाछी में बैरिकेडिंग तोड़ने के बाद पुलिस ने आंदोलनकारियों पर लाठीचार्ज किया, जिसके जवाब में प्रदर्शनकारियों ने ईंट-पत्थर फेंके। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने आंसू गैस का इस्तेमाल किया। कोना एक्सप्रेसवे पर प्रदर्शनकारी राष्ट्रीय ध्वज लेकर सड़क पर बैठ गए, जिससे यातायात बाधित हो गया। सचिवालय अभियान के दौरान हावड़ा ब्रिज और फोरशोर रोड पर भी भारी तनाव देखा गया। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को हटाने के लिए वाटर कैनन का इस्तेमाल किया। इस दौरान एक रैफ जवान घायल हो गया और चंडीतला थाने के सीआई के सिर में गंभीर चोट आई। इस घायल पुलिसकर्मी को प्रदर्शनकारियों ने ही बचाया।

उल्लेखनीय है कि आरजी कर दुष्कर्म और हत्याकांड के विरोध में पश्चिमबंग छात्र समाज के आह्वान पर सोशल मीडिया के माध्यम से नवान्न अभियान की योजना बनाई गई थी। इसके तहत मंगलवार सुबह से ही विभिन्न स्थानों से लोग नवान्न की ओर रैली करने लगे। कुछ लोग नदी मार्ग से, तो कुछ ट्रेन और सड़क मार्ग से आए। इस बीच, पुलिस ने भी आंदोलनकारियों को रोकने के लिए पूरी तैयारी की थी।

तृणमूल कांग्रेस ने इस विरोध को लेकर प्रतिक्रिया व्यक्त की और कहा कि यह विरोध न्याय की मांग नहीं बल्कि अशांति फैलाने की साजिश है।

इस बीच भाजपा नेता अर्जुन सिंह और शुभेंदु अधिकारी के नवान्न अभियान में शामिल होने से राजनीतिक विवाद बढ़ गया। तृणमूल ने इस विरोध को राजनीतिक साजिश करार दिया है, जबकि शुभेंदु अधिकारी ने गिरफ्तार लोगों को कानूनी सहायता का आश्वासन दिया है। पूरे घटनाक्रम ने कोलकाता और आसपास के क्षेत्रों में भारी तनाव और अशांति पैदा कर दी है। स्थिति अभी भी नियंत्रण में नहीं है।

**आज 12 घंटे बंगाल बंद का आह्वान :** राज्य सचिवालय घेराव के लिए छात्रों के आह्वान पर सड़कों पर उतरे प्रदर्शनकारियों पर पुलिस की बर्बरता के खिलाफ भाजपा ने बुधवार को भी प्रदर्शन का ऐलान किया है। भाजपा ने बुधवार को 12 घंटे के बंगाल बंद का आह्वान किया है, जिसमें उन्होंने पुलिस पर नवान्न अभियान के दौरान डर फैलाने का आरोप लगाया है।

( पेज12 भी देखें)



---

नेताओं ने कहा- किसी के पार्टी छोड़ने से झामुमो पर नहीं पड़ेगा कोई असर

# कोल्हान टाइगर की मांद में आज दहाड़ेंगे हेमंत सोरेन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चक्रधरपुर।** सरायकेला विधानसभा क्षेत्र के गम्हरिया प्रखंड के रापचा मैदान में 28 अगस्त को सीएम हेमंत सोरेन झारखंड मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। पूर्व सीएम चंपई सोरेन के झामुमो छोड़ने से पहले झामुमो भी उनके गढ़ में शक्ति प्रदर्शन के मूड में है। यही कारण है कि चाईबासा में होने वाले इस कार्यक्रम को सरायकेला जिला में शिफ्ट किया गया है। कार्यक्रम से पहले सरायकेला जिला झामुमो का हौसला बढ़ाने के लिए मंत्री, संसद समेत कोल्हान के तमाम विधायक मंगलवार को गम्हरिया पहुंचे और कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। पत्रकारों से बात करते हुए झामुमो नेताओं ने कहा, 28 का कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा। महिलाओं के सम्मान और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा। वहीं चंपई सोरेन के झामुमो छोड़ भाजपा में जाने के सवाल पर कहा झामुमो के आंदोलन और संघर्ष से बनी पार्टी है। किसी एक के पार्टी छोड़कर चले जाने से संगठन को कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है।

**जुटे झामुमो के तमाम दिग्गज :** समारोह को सफल बनाने और स्थानीय नेताओं का हौसला बढ़ाने को लेकर मंगलवार को झामुमो के अनेक दिग्गज जुटे। इनमें मंत्री दीपक बिरुवा, सांसद जोबा माझी, चक्रधरपुर विधायक सुखराम उरांव, मझगांव विधायक निरल पुरती, खरसावां विधायक दशरथ गागराई, ईचागढ़ विधायक सविता महतो, घाटशिला विधायक रामदास सोरेन, जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी, पोटका विधायक संजीव सरदार पहुंचे। साथ ही झारखंड आंदोलकारी चिह्नितिकरण आयोग के सदस्य भुवनेश्वर महतो, झामुमो जिलाध्यक्ष डॉ सुबेंदू महतो, झारखंड गो सेवा आयोग के सदस्य राजू गिरि, मोहन कर्मकार, पवन सिंह, राहुल आदित्य, दीपक प्रधान, सोमवारी बहन्दा समेत पूरे कोल्हान के झामुमो नेता आदि थे।



### लाभार्थियों को देंगे स्वीकृति प्रमाण पत्र

सरायकेला के गम्हरिया में 28 को प्रमंडल स्तरीय झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना कार्यक्रम की तैयारी पूरी हो चुकी है। सीएम श्री सोरेन दिन के 12 बजे कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेंगे। वे तीनों जिले के लाभार्थियों को स्वीकृति प्रमाण पत्र बांटेंगे। साथ ही लोगों को संबोधित करेंगे। संभावना है कि चंपई मामला स्पष्ट हो जाने के बाद सीएम हेमंत इस प्रकरण पर भी जनता के बीच अपनी बात रखें। सीएम के दौरे को लेकर हाईटेक सुरक्षा व्यवस्था की गयी है। डीसी-एसपी समेत तमाम अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल पर जा कर सभी तैयारयों का जायजा लिया।

---

आठ आइपीएस अधिकारियों का तबादला

# कुमार गौरव लातेहार के एसपी

| आइपीएस अधिकारी | कहां हुआ स्थानानंतरण |
|---|---|
| कुमार गौरव | एसपी लातेहार |
| अंजनी कुमार झा | एसपी झारखंड पुलिस अकादमी हजारीबाग |
| निधि द्विवेदी | एसपी जामताड़ा |
| अंजनी अंजन | एसपी एसीबी रांची |
| दीपक शर्मा | एससीआरबी |
| अमित कुमार सिंह | एसपी साहिबगंज |
| अनिमेष नैथानी | एसपी गोड्डा |
| नाथू सिंह मीणा | एसपी एसआईबी स्पेशल ब्रांच |
| विमल कुमार | एसपी गिरिडीह |
| मनीष टोप्पो | एसपी ब्रांच |

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सरकार ने राज्य के आठ आईपीएस रैंक के अधिकारियों का तबादला किया है। पोस्टिंग के लिए प्रतीक्षारत दो आईपीएस को भी प्रोन्नति मिली है। साहिबगंज एसपी के पद पर पदस्थापित कुमार गौरव को जहां लातेहार का एसपी बनाया गया है, वहीं होमगार्ड एसपी के पद पर पदस्थापित अमित कुमार सिंह को साहिबगंज का एसपी बनाया गया है। इससे संबंधित अधिसूचना मंगलवार की रात गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा जारी कर दी गई है।

# दही हांडी फोड़ो प्रतियोगिता का राज्यपाल ने किया उद्घाटन

**मुख्य अतिथि राज्यपाल सहित अन्य अतिथियों को पुष्प गुच्छ, अंग वस्त्र व मोमेंटो देकर आयोजन समिति के सदस्यों ने किया स्वागत**

**विशिष्ट अतिथि के रूप में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, कर्मवीर सिंह, सीपी सिंह सहित कई विशिष्ट गणमान्य लोग मौजूद थे**



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी समिति, रांची के तत्वावधान में मंगलवार को अल्बर्ट एक्का चौक पर दही हांडी फोड़ो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सायं 8:30 बजे दीप प्रज्वलित और गणेश वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस आयोजन में मुख्य रूप से झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने मंच पर सुशोभित माखन से भरी हांडी को नारियल से फोड़कर दही हांडी प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन किया। इस उपलक्ष्य पर विशिष्ट अतिथि के रूप में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, कर्मवीर सिंह, सीपी सिंह सहित कई विशिष्ट गणमान्य लोग मौजूद थे। मुख्य अतिथि राज्यपाल सहित अन्य अतिथियों को पुष्प गुच्छ, अंग वस्त्र व मोमेंटो देकर स्वागत संजय सेठ, रांची के विधायक सीपी सिंह, अजय मारू, मुकेश काबरा सहित आयोजन समिति के सदस्यों ने किया। इस अवसर पर समिति के संरक्षक सह रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। साथ ही साथ संस्था के द्वारा गत वर्षों के जन्माष्टमी महोत्सव की पूर्ण जानकारी रखी।

### भक्तिमय भजनों की उत्सव स्थल पर हुई अमृत वर्षा

धनबाद से पधारे पिंटू शर्मा, भजनों के सम्राट अंशु ज्योति पागल लखनऊ से कानपुर से पधारे सनी सरताज ने भजनों की गंगा प्रवाह कर लोगो को श्री कृष्ण भक्ति में डूब जाने का आनंद दिया। इनके भजनों पर लोग झूमने पर मजबूर हो गए कृष्ण का नशा ऐसा चढ़ा की लोग झूमते चले गए।
इसके अलावा इंद्रा डांस ग्रुप कलकत्ता द्वारा भक्ति मय संगीत के संग नृत्य नाटिका का अद्भुत संगम ने लोगो का मन मोह लिया। भक्तो ने भगवान श्री कृष्ण के भजनों पर जमकर अमृत स्नान किया। कृष्ण के भजनों ने लोगों को दिवाना बना दिया।
धनबाद से पधारे विकी जी ने अपने भजनों से सबको झूमा दिया। जो मन से बजायेगा ताली, वो रोज मनाएगा होली दीवाली। काली कमली वाला मेरा यार है, जिसने नहीं बजायी ताली रह जायेगी झोली खाली।
लखनऊ से पधारे अंशु गोस्वामी पागल बाबा ने चल श्री जी के द्वार पता नहीं क्या दे दें भजनों ने लोगों को खूब झुमाया
कानपुर से पधारे सन्नी सरताज ने बांके बिहारी तेरे मोटे मोटे नयन भजनों से लोगों में प्रेम रस बिखेर दिया।
ज्योति गोस्वामी पगली (गाजियाबाद) के नाम से विख्यात ने साथी हमारा कौन बनेगा भजनों ने मनमोह लिया। संगीतमय भजनों से लोगों में भरपूर उत्साह दिखा।

### मुख्य आकर्षण

इस अवसर पर गो माता पर हो रहे अत्याचार की भावपूर्ण प्रस्तुति देख कर मन के भाव में दया और करुणा ने मां के प्रति श्रद्धा भाव रखा। आयोजन स्थल को फूलों, बैलून व रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया गया था।

### सेवा शिविर लगाया गया

मारवाड़ी युवा मंच के द्वारा पानी, चाय, बिस्कुट वही वीरेंद्र जयसवाल के द्वारा जूस का वितरण कार्यक्रम स्थल पर किया गया

### पुरुष गोबिंदा की चार एवं महिला गोविंदा की तीन टीमों ने हिस्सा लिया

पुरुष गोबिंदा की टीमों ने हांड़ी फोड़ प्रतियोगिता में चार टीमों ने हिस्सा लिया। वहीं महिला गोबिंदा की तीन टीमों ने हिस्सा लिया। जिसमें चडरी महिला समिति, महिला राधा रानी, रिम्स बुस्क महिला समिति शामिल थी। पुरुष गोविंदा के लिए हांड़ी की ऊंचाई 25 फीट, वहीं महिला गोविंदा के लिए 20 फीट की ऊंचाई रखी गई थी। वहीं आयोजन समिति के द्वारा चार मिनट का समय सभी गोबिंदा टीमों को दिया गया था। पुरुष एवं महिला गोविंदा अपनी टीमों के साथ अलग-अलग रंग की टी शर्ट में थे। प्रत्येक टीमों में 25 से 30 गोबिंदा शामिल थे, जिनकी उम्र 18 वर्ष से ऊपर थी।

**चिकित्सा सुविधा :** मारवाड़ी युवा मंच द्वारा एंबुलेंस की सुविधा दी गई थी।

### समिति ने जताया आभार

अग्नि शमन गाड़ी की व्यवस्था भी कार्यक्रम स्थल पर थी। जिला प्रशासन, स्थानीय थाना एवं नगर निगम का भी भरपूर सहयोग प्राप्त हुआ। प्रशासन की महिला व पुरुष पुलिस कर्मियों ने भरपूर सहयोग किया। इस अवसर पर लोगों की सुविधा के लिए छऊ की व्यवस्था की गई थी जिस पर आयोजन का लाइव प्रसारण किया जा रहा था। महिलाओं और बुजुर्गों के लिए कुर्सियों की व्यवस्था रखी गई थी। आयोजन स्थल पर पीने के पानी की व्यवस्था समिति द्वारा रखी गई थी।

### लोगों ने उत्साह बढ़ाया

लोगो ने हांडी फोड़ो प्रतियोगिता में शामिल पुरुष गोविंदा एवं महिला गोविंदा की टीमों को हांडी फोड़ने के क्रम में उनका उत्साह बढ़ाया उन्हें प्रोत्साहित किया।

**आयोजन की सफलता में सहयोग :** संरक्षक संजय सेठ,सीपी सिंह,अजय मारू, अध्यक्ष मुकेश काबरा, जवाहर तनेजा, रमेन्द्र कुमार, राम बांगड़, कुणाल आजमानी, संजीव विजयवर्गीय, मीडिया प्रभारी प्रमोद सारस्वत, संजय पोद्दार, संजय जायसवाल, राज वर्मा, ललन श्रीवास्तव, मनोज तिवारी, भीषम सिंह, नीरज चौधरी, सतीश सिन्हा, राजीव सहाय, ललित ओझा, रविंद्र मोदी, नीरज चौधरी, विपिन वर्मा, सतेंद्र सिंह गुप्तू, आनंद श्रीवास्तव, पूनम आनंद, मनोज कुमार, संतोष सेठ, रमाशंकर बगड़िया, जुगल दरगढ़, कवल जीत सिंह संटी, मनीष लोधा, अमित चौधरी, राज श्री प्रसाद, राज वर्मा, बबलू चौधरी, ललन श्रीवास्तव,नीरज चौधरी, भीषम सिंह, संजय गोयल,नीरज कुमार, आनंद श्रीवास्तव,राजीव सहाय, प्रमोद सारस्वत सहित काफी संख्या में सदस्यों का सहयोग रहा।

**खबर एक नजर में**

### एनटीपीसी स्वयंसिद्ध महिला क्लब ने जरूरतमंद ग्रामीणों को आवश्यक खाद्य सामग्री उपलब्ध करायी



**रांची।** एनटीपीसी स्वयंसिद्ध महिला क्लब, कोयला खनन मुख्यालय,रांची ने सीएसआर पहल के तहत नामकुम, रांची स्थित महादेव टोली गांव में 40 जरूरतमंद परिवारों को खाद्य सामग्री/किराने का सामान वितरित किया। यह पहल स्वयंसिद्ध महिला क्लब की अध्यक्ष श्रीमती रेखा जैन के मार्गदर्शन में और रॉबिन हुड आर्मी (स्वयं सेवी संस्था) के सहयोग से की गई। रेखा जैन ने स्वयंसिद्ध महिला क्लब की सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया, जिन्होंने किराने की सामग्री उपलब्ध कराने की पहल में पूरे दिल से योगदान दिया है और उन्हें जरूरतमंदों के उत्थान के लिए विभिन्न कल्याणकारी गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया, विशेष रूप से बच्चों को शिक्षा प्रदान करने के लिए। उन्होंने रॉबिनहुड आर्मी के सदस्यों से भी बातचीत की और उन्हें इस पहल का हिस्सा बनने के लिए प्रोत्साहित किया और समाज की सेवा करने का अवसर प्रदान करने के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। इस अवसर पर कल्याण प्रभारी एवं उपाध्यक्ष शिखा रस्तोगी, सांस्कृतिक प्रभारी एवं उपाध्यक्ष पूर्णिमा श्रीखंडे, कल्याण सचिव मनसा वर्मा, सांस्कृतिक सचिव अनिता प्रसाद और कोषाध्यक्ष स्निग्धा रानी माझी भी उपस्थित थीं।

### राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने की रांची के ट्राइबल परिवारों के जमीन विवाद मामले की सुनवाई



**रांची।** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य डा.आशा लकड़ा ने मंगलवार को मोरहाबादी स्थित राजकीय अतिथिशाला में रांची जिले से संबंधित आदिवासी जमीन समेत अन्य मामलों की सुनवाई की। इस दौरान 6 मामले ऐसे आये जिसमें आयोग ने रांची जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के पदाधिकारियों को जरूरी निर्देश भी दिए। जरूरतमंदों के मामले में परेशानियों को दूर करने और जमीन वापस दिलाने को भी कहा। मौके पर रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा, एसएसपी चंदन सिन्हा और अन्य पदाधिकारी भी मौजूद थे।

### पुरानी पेंशन योजना लागू करें केंद्र सरकारः सीटू

**रांची।** एकीकृत पेंशन योजना सरकारी कर्मचारियों के उचित अधिकारों के खिलाफ एक धोखाधड़ी है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने कर्मचारियों से छल किया है। ये बातें सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड युनियंस के प्रतिक मिश्रा ने कहीं। उन्होंने कहा कि सीटू पुरानी पेंशन योजना (ओ.पी.एस.) की बहाली की मांग करता है। मिश्रा ने कहा कि पुरानी पेंशन योजना केंद्रीय सिविल सेवा नियमों के तहत थी। गैर योगदान आधारित और सुनिश्ति पेंशन प्रदान करती थी। 2004 में अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार ने राष्ट्रीय पेंशन योजना (एन.पी.एस.) शुरू की। तब से केंद्र और राज्य सरकार के कर्मचारी और केंद्रीय ट्रेड यूनियन इसके खिलाफ संघर्षरत हैं और ओपीएस की बहाली की मांग कर रहे है। उन्होंने कहा कि सीटू ने एकीकृत पेंशन योजना की निंदा करते हुए केंद्र सरकार से पुरानी पेंशन योजना की बहाली की मांग की है और सरकारी कर्मचारियों के संघर्ष को पूरा समर्थन देने की अपील की है।

**ऑटो चालकों के मुद्दे का जल्द समाधान निकाले :** शहर को 4 जोन में बांटकर हुए रूट निर्धारण के विरोध में हड़ताल पर गए ऑटो एवं ई रिक्शा चालकों की उचित मांगों का समर्थन करते हुए सीटू रांची जिला कमिटी ने जिला प्रशासन से अनुरोध किया कि बातचीत कर जल्द हल निकाला जायें। जिससे शहर में आम यातायात की व्यवस्था सुचारू रूप से चलती रहे।

### हाईकोर्ट में उपस्थित हुए भवन निर्माण कॉरपोरेशन के एमडी

**रांची।** रांची के कांके स्थित नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी को बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराने की मांग को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान झारखंड राज्य भवन निर्माण कारपोरेशन लिमिटेड के एमडी अदालत के समक्ष सशरीर उपस्थित रहे। मंगलवार की सुनवाई में अदालत ने उन्हें अगली सुनवाई में उपस्थिति से छूट दे दी है। झारखंड हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस अरुण कुमार राय की खंडपीठ ने सरकार से यह जानकारी मांगी कि लॉ यूनिवर्सिटी के लिए जो पुलिस आउटपोस्ट बना था, वह कब तक बनेगा। इसके साथ ही कोर्ट ने इस मामले की अगली सुनवाई के लिए गुरुवार की तिथि निर्धारित की है। राज्य सरकार के लिए इस केस में अपर महाधिवक्ता आशुतोष आनंद और अधिवक्ता शाहबाज अख्तर ने बहस की। बता दें कि बार एसोसिएशन झारखंड हाईकोर्ट की ओर से जनहित याचिका दाखिल कर नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी को बुनियादी सुविधा उपलब्ध करने का आग्रह किया गया है।

### हटिया-पटना एक्स. का बंशीपुर में होगा प्रायोगिक ठहराव

**रांची।** रेलवे बोर्ड की ओर से यात्रियों की सुविधा के लिए ट्रेन संख्या 18622 और 18621 हटिया-पटना हटिया एक्सप्रेस ट्रेन का दानापुर मंडल के बंशीपुर स्टेशन पर अगले आदेश तक प्रायोगिक ठहराव होगा। इस संबंध में रांची रेल मंडल ने जानकारी साझा की है। जिसमें बताया गया है कि ट्रेन संख्या 18622 हटिया-पटना एक्सप्रेस का 27 अगस्त को बंशीपुर स्टेशन पर आगमन 8: 51 बजे एवं प्रस्थान 08: 53 बजे होगा।
ट्रेन संख्या 18621 पटना हटिया एक्सप्रेस ट्रेन 27 अगस्त से बंशीपुर स्टेशन पर आगमन 18: 31 बजे एवं प्रस्थान 18: 33 बजे होगा। साथ ही ट्रेन संख्या 18621 पटना हटिया एक्सप्रेस ट्रेन का यात्रा 27 अगस्त से मननपुर एवं बांसापहाड़ स्टेशन पर समय सारणी में परिवर्तन होगा। इस ट्रेन का मननपुर स्टेशन पर आगमन 18: 41 बजे प्रस्थान 18: 43 बजे एवं बांसापहाड़ स्टेशन पर आगमन 18: 48 बजे प्रस्थान 18: 49 बजे होगा।

### सीएमपीडीआई को आईएसओ 37001:2016, रिश्वत रोधी प्रबंधन प्रणाली का पुनः प्रमाणन पत्र प्राप्त हुआ

रांची। सीएमपीडीआई (मुख्यालय), रांची को संस्थान में संभावित रिश्वतखोरी के जोखिमों को समाप्त करने के लिए संस्थान द्वारा अपनाए गए एंटी ब्राइबरी मैनेजमेंट सिस्टम (एबीएमएस) की आडिट के पश्चात भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) द्वारा आईएसओ 37001:2016 एंटी ब्राइबरी मैनेजमेंट सिस्टम के लाइसेंस का पुन: प्रमाणन किया गया। यह लाइसेंस 17 जनवरी, 2027 तक वैध है। उल्लेखनीय है कि सीएमपीडीआई को पहली बार वर्ष 2021 में आईएसओ 37001:2016 प्रमाणन के साथ मान्यता प्रदान की गयी थी। यह एंटी-ब्राइबरी मैनेजमेंट सिस्टम (एबीएमएस) प्रमाण-पत्र सीएमपीडीआई (मुख्यालय), रांची की सभी सम्बद्ध प्रयोगशालाओं सहित कर्मियों और अन्य व्यावसायिक प्रक्रियाओं के लिए प्रशिक्षण, आंतरिक सहायता सेवाएं, खनिज गवेषण, माइन प्लानिंग एंड डिजाइन, पर्यावरण प्रबंधन, प्रबंधन प्रणाली, सम्बद्ध इंजीनियरिंग, मानव प्रावधान की सभी गतिविधियों के लिए ब्राइबरी की रोकथाम, इसके पता लगाने और प्रतिक्रिया के संबंध में प्रदान किया गया है। आईएसओ 37001, एक एंटी ब्राइबरी प्रबंधन प्रणाली, संगठनों को रिश्वतखोरी को रोकने, पता लगाने और संबोधित करने में मदद करने के लिए उपायों की एक श्रृंखला निर्दिष्ट करती है। इनमें एंटी ब्राइबरी नीति अपनाना, एंटी ब्राइबरी अनुपालन, प्रशिक्षण, जोखिम मूल्यांकन और परियोजनाओं और व्यावसायिक सहयोगियों पर उचित परिश्रम की निगरानी के लिए एक व्यक्ति को नियुक्त करना, वित्तीय एवं वाणिज्यिक नियंत्रण लागू करना और रिर्पोटिंग और जांच प्रक्रियाएं स्थापित करना शामिल है। एंटी ब्राइबरी मैनेजमेंट सिस्टम, प्रबंधन, कर्मियों और हितधारकों के बीच विश्वास बढ़ाती है कि एक संगठन रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार को रोकने के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त और स्वीकृत प्रक्रियाओं को सक्रिय रूप से अपना रहा है।

## सांसद सीपी चौधरी ने जन जागरण रथ को हरी झंडी दिखा कर किया रवाना, कहा

# सरकार ने झारखंड के बहुमूल्य पांच वर्षों को किया बर्बाद

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** आजसू पार्टी के वरीय उपाध्यक्ष सह गिरिडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने मंगलवार को जन जागरण रथ को हरमू स्थित आजसू पार्टी केंद्रीय कार्यालय से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मौके पर कहा कि एलईडी स्क्रीन से युक्त यह सभी वैन द्वारा अलग अलग विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले जन जागरण पदयात्रा में लोगों को वीडियो के माध्यम से सरकार के वादों और हकीकत से रूबरू कराने का कार्य करेगा। जन जागरण पदयात्रा का उद्देश्य सरकार की वादाखिलाफियों को जनता से सामने लाना है। राज्य सरकार ने झारखंड के बहुमूल्य 5 वर्षों को बर्बाद किया है। विकास की राह पर अग्रसर झारखंड को इन्होंने अपनी गलत कार्यशैली से पीछे धकेल दिया है। झूठे वादे कर सत्ता में बैठे लोगों से हम पूछना चाहते हैं कि उनके द्वारा किए गए कितने वादे पूरे हुए. पांच साल तक जनता के साथ धोखाधडी हुआ। उसके अब मूल्यांकन का समय है। जन जागरण पद यात्रा के माध्यम से हम राज्य के सभी विधानसभा क्षेत्रों में सरकार की नाकामियों के बारे में लोगों को बताएंगे। जेपीएससी द्वारा साल में दो परीक्षाओं का आयोजन करने का वादा करने वाली सरकार के कार्यकाल में पेपर लीक होने का रिकॉर्ड बना है। हर साल 72 हजार रुपए देने, तीन उपराजधानी बनाने, झारखंड आंदोलनकारियों के आश्रितों को खोज खोज कर नौकरी देने जैसे तमाम वादे धरे के धरे रह गए।

मौके पर केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत, रांची जिला परिषद अध्यक्ष सह केंद्रीय महासचिव निर्मला भगत, जिला परिषद सदस्य सह केंद्रीय सचिव राजेंद्र शाही मुंडा, बनमाली मंडल, हरीश सिंह, परवाज खान, डॉ. पार्थ पारितोष, सुनील यादव, दया शंकर झा, अब्दुल जब्बार अंसारी, अमित कुमार, अभिषेक शुक्ला, प्रियांशु शर्मा, रोहित चौधरी समेत पार्टी के कई कार्यकर्ता मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# झारखंड प्रदेश मुखिया संघ की मांगों को लेकर बेमियादी धरना शुरू

**पंचायत एवं गांव के विकास के लिए राज्य वित्त आयोग की राशि अभी तक नहीं दी गई है : अध्यक्ष सोमा उरांव**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश मुखिया संघ की ओर से मंगलवार को राजभवन के पास अनिश्चितकालीन धरना आरंभ किया गया। धरनास्थल पर सभा में संघ के अध्यक्ष सोमा उरांव ने कहा कि पंचायत एवं गांव के विकास के लिए राज्य वित्त आयोग की राशि अभी तक नहीं दी गई है। इस कारण गांव में विकास से संबंधित कार्य ठप हैं। बताया कि संगठन की ओर से पूर्व में कार्य अवधि के दौरान मुखिया, पंचायत समिति एवं वार्ड सदस्य, जिला परिषद सदस्य, प्रमुख समेत अन्य जनप्रतिनिधि की आकस्मिक मृत्यु या दुर्घटना होने पर 30 लाख का मुआवजा, मुखिया का मानदेय केरल राज्य की तर्ज पर 30 हजार निर्धारित करने और सरकार की मंईयां सम्मान योजना, अबुआ आवास एवं अन्य सरकारी योजना के लिए पंचायत जनप्रतिनिधियों एवं उनके परिवार वालों को भी शामिल किया जाये।

### बिना जांच वित्तीय शक्ति शिथिल नहीं किया जाए

वक्ताओं ने कहा कि झारखंड के सभी पंचायत की ओर से सरकार से यह मांग की जा रही है कि बिना जांच किए उनकी वित्तीय शक्ति को शिथिल नहीं किया जाये। झारखंड के जिस मुखिया का वित्तीय अधिकार रद्द किया गया है, उसे संबंधित विभाग फिर से बहाल करे। बताया गया कि मांडर प्रखंड के सरवा पंचायत के मुखिया प्रभा किस्पोत्ता को वित्तीय अनियमितता का गलत आरोप लगाकर पदच्युत कर दिया गया है। इस संबंध में बिना पक्ष जाने की गई कार्रवाई असंवैधानिक है। धरना स्थल पर सभी ने सरकार को चेताया कि उनकी जायज मांग को पूरा किये जाने तक आंदोलन जारी रहेगा। अनिश्तिकालीन धरना में संघ के अध्यक्ष सोमा उरांव, कंचन मंडल, रंजीत मेहता, अनिल शाह, सीमा कुमारी, मो ग्यासुद्दीन अंसारी, दीपक बड़ाईक, शिवनाथ मुंडा, ललन मिश्रा, नीरज कुजूर, जतरू उरांव, सुशांति भगत, भागीरथ मंडल, महताब आलम, उदय सिंह समेत राज्य के विभिन्न क्षेत्र से आये मुखिया समेत अन्य जनप्रतिनिधि शामिल हुए।

# सरकार ने आंदोलकारियों को ठगने का काम किया है : मोर्चा

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा की आवश्यक बैठक मंगलवार को अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के कार्यालय में संपन्न हुआ। इसकी अध्यक्षता झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा के संयोजक विमल कच्छप ने की। बैठक में आए सभी आंदोलकारियों ने झारखंड सरकार पर अलग राज्य बनाने में सफल भूमिका बनाने वाले आंदोलकारियों को धोखा देने का आरोप लगाया। मोर्चा के संयोजक विमल कच्छप ने कहा कि झारखंड सरकार द्वारा आंदोलकारियों के लिए नौकरी में 5% का आरक्षण हेमंत कैबिनेट में पास हुआ था, लेकिन इससे संबंधित कोई नोटिफिकेशन अभी तक नहीं दिया गया है। इससे यह साफ-साफ प्रतीत होता है कि सरकार ने आंदोलकारियों को ठगने का काम किया है। अलग राज्य के सपनों को साकार करने वाले आंदोलकारियों के आत्मसम्मान को चोट पहुंचाया है।

उन्होंने झारखंड सरकार को चुनौती देते हुए कहा कि अगर समय रहते यह सरकार आंदोलकारियों के हित में कार्य नहीं की तो आगामी विधानसभा चुनाव में सरकार को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। वहीं, शफीक आलम ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में झारखंड अलग राज्य की लड़ाई लड़ने वाले प्रत्याशी को हीं मोर्चा समर्थन करेगी। इस बैठक में मुख्य रूप से विमल कच्छप, सत्यनारायण लकड़ा, दीपक महतो, शफीक आलम, बसंत महतो, प्रदीप महतो, अशोक उरांव, मानव घोष, अंकित खलखो, माधो उरांव, नंदा उरांव, शशिभूषण भगत, उषा खलखो, पंचम मिंज, फूलचंद तिर्की, संजय तिर्की, आलोक उरांव आदि मौजूद थे।

### झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा का झारखंड बंद 11 को

**रांची।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा का एक प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री सचिवालय जाकर हेमंत सोरेन के नाम से ज्ञापन सौंपा। इसमें झारखंड आंदोलनकारियों को 15 अगस्त, 15 नवंबर और 26 जनवरी को राजकीय सम्मान देने, जेल जाने की बाध्यता को समाप्त करने और रोजी-रोजगार-नियोजन की 100 फीसदी गारंटी देने सहित अन्य मांग की गई। ज्ञापन में कहा गया कि यदि 10 सितंबर को मोर्चा की मांगों को पूरी नहीं की जाती हैं तो 11 सितंबर को झारखंड बंद का आह्वान किया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल में पुष्कर महतो, जितेंद्र सिंह, डॉ रामनाथ मेहता, नारायण मंडल, इम्तियाज खान, मनोज कुमार राव, अली मोहम्मद अंसारी मौजूद थे।

### महानगर युवा आजसू ने चलाया बायोडाटा संग्रह अभियान

**रांची।** रांची महानगर युवा आजसू के सदस्यों ने मंगलवार को मोरहाबादी स्थित सेंट्रल लाइब्रेरी में बायो डाटा संग्रह अभियान चलाया। इसका नेतृत्व कर रहे युवा आजसू रांची महानगर संयोजक अभिषेक शुक्ला ने बताया के आज लगभग मोरहाबादी के सेंट्रल लाइब्रेरी के 200 सौ छात्र छात्राओं ने इस बायोडाटा संग्रह अभियान के तहत अपना बायो डाटा युवा आजसू के सदस्यों उपलब्ध करवाया। बायोडाटा संग्रह अभियान में मुख्य रूप से: युवा आजसू के रांची जिला सह प्रभारी अभिषेक झा, सुमित, रोशन नायक, राहुल, अदनान, शिव प्रकाश शुक्ला, रित्विक राज, के अलावाकई अन्य सदस्य मौजूद थे।

### सम्मान को अपमान कहना चंपई सोरेन का मानसिक दिवालियापन : उमेश यादव

रांची। झारखंड मुक्ति मोर्चा के पूर्व प्रवक्ता उमेश यादव ने कहा है कि चंपई सोरेन का भाजपा में जाने का कदम आत्मघाती प्रतीत हो रहा है। जिस चंपई सोरेन को दिशोम गुरु शिबू सोरेन ने अपना दाहिना हाथ बनाकर रखा। उसी चंपई सोरेन ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के अलावा पूरे झामुमो को धोखा देने का काम किया है। श्री यादव ने कहा कि जब-जब झामुमो की सरकार बनी, हमेशा चंपई सोरेन को कैबिनेट मंत्री का दर्जा दिया गया। यहां तक कि जब झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष एवं झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भाजपा द्वारा एक साजिश के तहत ईडी के माध्यम से फंसाया गया तो उस समय भी चंपई सोरेन को विश्वासी समझकर राज्य का मुख्यमंत्री बनाया गया। लेकिन उनके दिल में कुछ और ही था। उस दौरान उन्होंने पांच महीना भाजपा के साथ मिलकर झामुमो को कमजोर करने का कार्य किया है। इससे पहले हेमंत सोरेन ने चंपई सोरेन को राज्य की पूरी जिम्मेवारी और पार्टी को चलाने की जिम्मेदारी दी थी। लेकिन यह दुर्भाग्य है कि चंपई सोरेन जैसे व्यक्ति न जाने क्यों भाजपा के जाल में फंस गए? इस अवस्था में लगता है कि चंपई सोरेन का मानसिक संतुलन बिगड़ गया है। उन्हें भाजपा में न जाकर कांके स्थित मनोचिकित्सालय में जांच करना चाहिए।

# संस्कृत भाषा से ही हमारी संस्कृति का उत्थान संभव : रविंद्र रविदास

**एस.एस+2 हाई स्कूल पतरातू में संस्कृत दिवस का किया गया आयोजन**

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** एस.एस+2 हाई स्कूल पतरातू, रामगढ़ के प्रांगण में मंगलवार को संस्कृत दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. राहुल कुमार, सहायक प्राध्यापक मारवाड़ी कॉलेज, रांची तथा डॉ. जगदम्बा प्रसाद सिंह, श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के अतिथि प्राध्यापक पहुंचे हुए थे। सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। विद्यालय की संस्कृत शिक्षिका श्रीमती नीतु कुमारी ने संस्कृत दिवस का भव्य आयोजन कर सभी सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों के द्वारा संस्कृत भाषा में ही करवाया। श्लोकवाचन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम पुरस्कार काजल कुमारी, द्वितीय पुरस्कार श्रीति कुमारी और तृतीय पुरस्कार सुरभी कुमारी को प्रदान किया गया। संस्कृत गीत, नृत्य और नाटक ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। संस्कृत भाषा में बनाए गए शिक्षण सामग्री ने भी मुख्य अतिथियों का ध्यान आकर्षित किया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक और शिक्षिकाएं प्रमोद प्रकाश सिंह, डा. अंजय कुमार, डा. आनंद कुमार चितलांगिया, विनेश्वर महतो, निर्मला कुमारी, श्वेता कुमारी, फैजान मलिक, रवि रंजन सिंह, नूर आलम, विनोद कुशवाहा, सुप्रिया रानी आदि मौजूद थे।

# झारखंड की कुल 38 पंचायतें टीबी मुक्त घोषित

**राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम पर राज्य स्तरीय मीडिया सम्मेलन आयोजित**

### झारखंड के 12 जिलों में वयस्क बीसीजी टीकाकरण अभियान किया गया शुरू

झारखंड की कुल 38 पंचायतें टीबी मुक्त घोषित की गई हैं। इनमें साहेबगंज, हजारीबाग और पाकुड़ की एक-एक, रांची, गुमला और रामगढ़ के दो-दो, गोड्डा के तीन और गढ़वा के 26 पंचायत शामिल है। झारखंड में सहमति प्राप्त 33941 टीबी रोगियों में से 32673 लोगों को 3000 निक्षय मित्रों द्वारा गोद लेकर निक्षय पोषाहार वितरित किया गया है। हाल ही में झारखंड के 12 जिलों (पूर्वी सिंहभूम, लोहरदगा, लातेहार, खूंटी, जामताड़ा, चतरा, रामगढ़, बोकारो, साहेबगंज, गिरिडीह, रांची और दुमका) में वयस्क बीसीजी टीकाकरण अभियान शुरू किया गया है। 2025 तक टीबी उन्मूलन के लक्ष्य है।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) और रीच संस्था के संयुक्त प्रयास से स्थानीय होटल में मंगलवार को राज्य स्तरीय मीडिया सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य टीबी पर रिपोर्टिंग में मीडिया को प्रोत्साहित करना और उन्हें शामिल करना है। टीबी केवल एक चिकित्सा समस्या नहीं है। यह एक सामाजिक बीमारी है, जो न केवल व्यक्ति की आजीविका को प्रभावित करती है, बल्कि समाज में भेदभाव को भी जन्म देती है। मीडिया समुदाय को जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है, जो झारखंड से टीबी उन्मूलन में एक महत्वपूर्ण कारक है। मीडिया की पहुंच व्यापक है और यह संदेश को जन-जन तक पहुंचाने में मदद कर सकता है। एनटीईपी ने वर्ष 2025 तक झारखंड में टीबी उन्मूलन की योजना बनाई है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कार्यक्रम में कई नवीन नवाचार शामिल किए गए हैं। इनमें प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान, टीबी रोगियों को निक्षय मित्र के रूप में अपनाने का अभियान, वयस्क बीसीजी टीकाकरण अभियान और टीबी उन्मुलन में उद्योगों को शामिल करना शामिल है। राज्य ने उपरोक्त संकेतकों में काफी प्रगति की है।

डॉ. कमलेश कुमार ने गणमान्य लोगों के साथ एनटीईपी कार्यक्रम का विवरण और झारखंड में टीबी के प्रसार को रोकने, उसका इलाज करने में मदद करने के लिए नवीनतम नवाचार को साझा किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. कमलेश कुमार, राज्य क्षय रोग अधिकारी, एनटीईपी, झारखंड ने की, साथ ही डॉ. मेघा प्रियदर्शनी चिकित्सा अधिकारी एसटीडीसी, डॉ. अरूप डब्ल्यूएचओ कंसल्टेंट और रीच से विकास उपस्थित थे। एनटीईपी में कार्यरत राज्य के पदाधिकारीयों ने भी इस बैठक के योगदान दिया। बैठक में सभी मीडिया हाउस (प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक) के प्रतिनिधि एवं छात्र क्लब चिकित्सक मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा मौजूद थे।

# ऑटो चालकों की हड़ताल से यात्री परेशान

## सड़क से गायब हुए तीन पहिया वाहन





खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राजधानी रांची में ऑटो परमिट के नियमों में बदलाव के विरोध में मंगलवार को ऑटो चालकों ने आंदोलन शुरू कर दिया है। आंदोलन को लेकर मंगलवार से रांची के 12500 ऑटो और ई रिक्शा चालक बेमियादी हड़ताल पर चले गए। इस कारण यात्रियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। रांची से बाहर जानेवालों को समय पर ऑटों नहीं मिलने से बस एवं ट्रेन पकड़नेवालों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ा।

**ऑटो और ई-रिक्शा चालक**

**किस बात से हैं नाराज :** राजधानी के 20 किलोमीटर की परिधि में ऑटो चलाने के नियम में बदलाव के विरोध में ऑटो चालकों ने हड़ताल किया है। रांची की ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार के लिए ट्रैफिक पुलिस के द्वारा शहर के 20 किलोमीटर की परिधि में ऑटो चलाने के नियम में बदलाव करते हुए 4 जोन में ऑटो परिचालन का रूट बांट कर 3-3 किलोमीटर का दायरा बनाया है। इस कारण मंगलवार से 10 हजार से अधिक ऑटो और 2500 ई-रिक्शा चालक हड़ताल पर हैं।

### कानून हाथ में लेने वालों पर होगी कार्रवाई : एसपी

वहीं दूसरी तरफ रांची के सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने ऑटो चालकों को स्पष्ट कर दिया है कि अगर वह बेवजह किसी चलते ऑटो में तोड़फोड़ करेंगे या उन्हें रोकेंगे तो उन पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जो ऑटो चालक शहर में ऑटो का परिचालन करना चाहते हैं उन्हें किसी भी तरह की कठिनाई का सामना नहीं करना पड़ेगा।

**पूरे शहर में ऑटो का परिचालन बंद :** इस संबंध में झारखंड प्रदेश सीएनजी ऑटो चालक महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश सोनी ने बताया कि ऑटो चालक खुद सड़कों पर उतरकर ऑटो के परिचालन को बंद करवा रहे हैं। ऑटो चालक महासंघ के अनुसार पहले 17 किलोमीटर के दायरे में ऑटो चालक ऑटो चलाते थे, लेकिन नए नियम में मात्र 3 किलोमीटर के दायरे में ऑटो चलाने की इजाजत दी गई है, जो किसी भी कीमत पर कबूल नहीं है। ऑटो चालकों का कहना है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं हो जाती हैं, तब तक किसी भी रूट पर ऑटो और ई-रिक्शा का परिचालन नहीं होगा।

## रांची सिविल कोर्ट के अधिवक्ता पर हमला

**रांची।** रांची सिविल कोर्ट के अधिवक्ता गौरेश चंद्र झा पर जानलेवा हमला हुआ, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। इस हमले के बाद उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल में भर्ती किया गया है। फिलहाल उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गौरेश चंद्र झा का अपने मुहल्ले के कुछ व्यक्तियों के साथ विवाद हुआ था। इसी विवाद के चलते उन लोगों ने गौरेश पर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से चोटिल हो गए। गौरेश झा अरगोड़ा थाना क्षेत्र के हाउसिंग कॉलोनी में रहते हैं। हमले की जानकारी मिलने के बाद अरगोड़ा थाना को घटना मिलने के बाद जांच शुरू कर दी। घटना के बाद रांची सिविल कोर्ट के वकीलों में भी आक्रोश देखा गया। वे न्याय की मांग कर रहे हैं, वकीलों ने घटना की गंभीरता को देखते हुए सुरक्षा की मांग की है और अपराधियों को जल्द से जल्द पकड़ने की अपील की है।

# राजधानी की सड़कों की मरम्मत करे रांची नगर निगम : सुनील कुमार

## विभागीय सचिव ने रांची नगर निगम के कार्यों की समीक्षा की



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार नें रांची नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिया है कि राजधानी की सड़कों की हालत सुधारें और जल्द से जल्द मरम्मत करने की दिशा में काम शुरू कर दें। सुनिश्चित करें कि सड़कों पर जल जमाव न हो। मंगलवार को प्रोजेक्ट भवन स्थित सभागार में रांची निगम क्षेत्र में चल रही विकास योजनाओं की समीक्षा करते हुए प्रधान सचिव ने कहा कि मास्टर प्लान 2015 के मुताबिक औद्योगिक क्षेत्र और आईटी पार्क विकसित करने का प्रयास करें।

बैठक में विभागीय सचिव ने निगम के अधिकारियों को कई कड़े निर्देश दिये। इनमें शहर की सड़कों में दिख रहे गड्ढों का तुरंत मरम्मत करने, स्ट्रीट लाइट हर क्षेत्र में जले यह सुनिश्चित करने, जहां लाइट नहीं है वहां लाइट लगाने, इंटरसिटी बसों के लिए शहर में भी बस टर्मिनल विकसित करने और अगर है तो वहां नागरिक सुविधाएं बेहतर करने को कहा। शहर में मास्टर प्लान 2015 के अनुसार औद्योगिक क्षेत्र और आईटी पार्क विकसित करने को भी कहा। सड़कों के किनारें फूटपाथ का प्रावधान रखने और निर्माण कराने का भी निर्देश दिया। स्वच्छता को लेकर आरएफआईडी का उपयोग करें, ताकि यह पता लग सके कि हर घर या हर सोसायटी से प्रतिदिन कूड़ा कचरा का उठाव हो रहा है या नहीं? रांची शहर में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत चल रही परियोजनाओं को जल्द पूरा करने को कहा। बड़े शहरों की तरह रात्रि बाजार को प्रोत्साहित करने और सिवरेज-ड्रेनेज निर्माण के नाम पर जहां तहां सड़क न काटने का निर्देश दिया।

## पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप को दो साल का सश्रम कारावास

**रांची।** प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआई के सुप्रीमो दिनेश गोप को रांची सिविल कोर्ट ने दोषी करार दे दिया है। मौत का भय दिखाकर लेवी वसूलने से जुड़े मामले में को एटीएस कोर्ट के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने बहस पूरी होने के बाद आज (मंगलावार) को फैसला सुनाया। कोर्ट ने दिनेश गोप को दोषी करार देते हुए दो साल सश्रम कारावास की सजा सुनायी है। साथ ही अदालत ने उस पर बीस हजार का जुमार्ना भी लगाया है। अदालत ने अपने आदेश में कहा है कि जुमार्ना की राशि नहीं देने पर दिनेश गोप को अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। एटीएस ने कोर्ट में छह गवाह और कई साक्ष्य प्रस्तुत किये, जिनके आधार पर कोर्ट ने दिनेश गोप को दोषी करार दिया है। बताते चलें कि एटीएस ने दिनेश गोप के खिलाफ वर्ष 2023 में प्राथमिकी दर्ज की थी, जिसका कांड संख्या 02/2023 है।

# माफिया के पक्ष में जमीन कब्जा करने गयी थी लेडी गैंग, ग्रामीणों ने खदेड़ा

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रांची के पंडरा ओपी क्षेत्र स्थित जमीन पर कब्जा करने पहुंची लेडी गैंग और उसके सहयोगियों को ग्रामीणों द्वारा खदेड़ दिया गया। ग्रामीणों ने उनकी बाइक को क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस ने बाइक जब्त कर ली है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि गांव की पहनई जमीन पर भू-माफिया के द्वारा जमीन कब्जा किया जा रहा है। अवैध कब्जे को लेकर जमीन माफिया के द्वारा लगातार महिला गैंग और दूसरे असामाजिक तत्वों के साथ मिलकर काम किया जा रहा था, जबकि ग्रामीण लगातार जमीन माफिया का विरोध कर रहे थे। शनिवार को 50 से अधिक की संख्या में जमीन माफिया के पक्ष में कुछ महिलाएं और असामाजिक तत्व बजरा स्थित जमीन पर कब्जा करने के लिए पहुंचे थे। जब ग्रामीणों ने जमीन माफिया का विरोध किया, इसके बाद जमीन माफिया की तरफ से ग्रामीणों के ऊपर फायरिंग की गई। फायरिंग से आक्रोशित होकर ग्रामीणों ने जमीन माफिया के पक्ष में आये लोगों को खदेड़ा और जमकर पिटाई की गयी। ग्रामीणों के आक्रोश को देखते हुए जमीन माफिया के पक्ष में आये लोग मौके से फरार हो गये।

मंगलवार को ग्रामीणों के द्वारा जमीन माफिया द्वारा की गई फायरिंग का वीडियो भी जारी किया गया। वीडियो में भगदड़ की जैसी स्थिति दिख रही है और रुक-रुककर गोलियां भी चल रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि जमीन माफिया के द्वारा उनकी जमीनों पर अवैध कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है, जिसका वे लोग विरोध कर रहे हैं।

इस मामले में कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय ने बताया कि पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

## जम्मू-कश्मीर के डोरू सीट से किस्मत आजमायेंगे जीए मीर

**रांची।** झारखंड कांग्रेस के प्रभारी गुलाम अहमद मीर जम्मू-कश्मीर के डोरू विधानसभा सीट से किस्मत आजमाएंगे। मीर ने इस क्षेत्र से चुनाव लड़ने के लिए मंगलवार को परचा दाखिल किया। उन्होंने ट्वीट में कहा कि मैंने डोरू विधानसभा क्षेत्र से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। मैं सभी कार्यकर्ताओं और समर्थकों के अपार समर्थन के लिए उनका ऋणी हूं। बताते चलें कि जम्मू कश्मीर में कांग्रेस और फारूक अबदुल्ला की नेशनल कॉन्फ्रेंस मिलकर चुनाव लड़ेंगे। मीर जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले के शाहबाद-बाला तहसील के रहने वाले हैं।

## जैप 9 साहेबगंज के डीएसपी नवनीत ने इस्तीफा दिया

**रांची।** झारखंड के जैप 9 साहेबगंज में पदस्थ डीएसपी नवनीत हेंब्रम ने पुलिस सेवा से इस्तीफा दे दिया है। हालांकि, उनका इस्तीफा अभी तक आधिकारिक तौर पर स्वीकार नहीं हुआ है। सूत्रों के अनुसार नवनीत हेंब्रम आगामी विधानसभा चुनाव में महेशपुर से चुनाव लड़ने की योजना बना रहे हैं। नवनीत हेंब्रम ने गृह सचिव को भेजे गए अपने इस्तीफे में कहा कि उनकी नियुक्ति 5 अप्रैल 2013 को हुई थी।

# बस ड्राइवरों का होगा ब्रेथ एनालाइजर टेस्ट




खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** अब राज्य के बाहर जानेवाले बसों के चालकों का ब्रेथ एनालाइजर के माध्यम से चेकिंग होगी, ताकि दुर्घटनाओं को टाला जा सके। डीजीपी अनुराग गुप्ता मंगलवार को महिला सुरक्षा समेत कई मुददों पर पुलिस अधिकारियों से चर्चा की और समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होंने मेलों, हाट बाजार में जाकर वहां के दुकानदारों, बाजार की अन्य महिलाओं की समस्याओं की जानकारी लेकर उनका समाधान करने और बाजार में अवैध उगाही करनेवालों के खिलाफ सत्यापन करने का निर्देश दिया।

पुलिस महानिदेशक ने रांची, धनबाद, जमशेदपुर के मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज की छात्राओं व स्कूली बच्चियों की सुरक्षा के लिये संस्थान के सभी महिलाओं को पुलिस नियंत्रण कक्ष, महिला थाना प्रभारी, निकटतम थाना प्रभारी को 112 डायल करने के बारे में जानकारी देने, महिलाओं में पुलिस के प्रति विश्वास पैदा करने के लिये संस्थान में चौबीस घंटे सुरक्षा प्रबंध करने का निर्देश दिया।

# झारखंड की सात बेटियों को दलालों ने दिल्ली व पंजाब में बेचा, किया रेस्क्यू

खबर मन्त्र संवाददाता

**खूंटी।** खूंटी बाल कल्याण विभाग ने जिले की छह नाबालिग और एक बालिग लड़कियों का रेस्क्यू किया है। मानव तस्करों ने इन नाबालिग लड़कियों को दिल्ली समेत आसपास के राज्यों में बेच दिया था, जिन्हें एएचटीयू की यूनिट ने रेस्क्यू किया है। जिला प्रशासन द्वारा गठित टीम ने दिल्ली, राजस्थान, पंजाब और यूपी के विभिन्न जिलों की पुलिस और अन्य रिसोर्स के जरिए बेची गई नाबालिग लड़कियों को रेस्क्यू किया है। पीड़ित ने बताया कि खूंटी की इन नाबालिग लड़कियों को दूसरे प्रदेशों में बड़े-बड़े सेठ के घरों में नौकरानी का काम कराया जाता था।

**नाबालिग बच्चियों के लापता होने की मिली थी सूचना :** खूंटी जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से बच्चियों के लापता का मामला सामने आने के बाद जिला प्रशासन ने बाल कल्याण समिति और एएचटीयू (एंटी मानव ट्रैफिकिंग यूनिट) के नेतृत्व में एक टीम को देश की राजधानी दिल्ली समेत पंजाब के लुधियाना, यूपी और राजस्थान भेजा। गठित टीम में बाल कल्याण समिति पदाधिकारी समिमुद्दीन अंसारी, महिला थाना सह एएचटीयू प्रभारी फुलमनी टोप्पो और एएसआई रमजानुल हक शामिल हैं।

**दिल्ली, राजस्थान, पंजाब और यूपी में बेची गयीं थी लड़कियां :** खूंटी की स्पेशल टीम विगत एक सप्ताह के दौरान दिल्ली, राजस्थान, पंजाब और यूपी के जिलों के विभिन्न ठिकानों पर छापेमारी कर मानव तस्करी की शिकार सात नाबालिग लड़कियों को रेस्क्यू किया है। रेस्क्यू की गई बच्चियों की उम्र 14 से 15 साल है, जबकि एक बच्ची बालिग है। सूत्रों के अनुसार मानव तस्कर इन बच्चियों को सब्जबाग दिखाकर खूंटी से दिल्ली ले गए थे और दिल्ली से उन्हें विभिन्न एजेंसियों के जरिए बड़े-बड़े सेठों के यहां बेच दिया था। बच्चियों से घर में नौकरानी की तरह काम कराया जाता था, लेकिन पैसे नहीं दिए जाते थे।

**अब तक सात बच्चियों को किया गया रेस्क्यू :** जिला बाल कल्याण पदाधिकारी सुमन सिंह ने बताया कि अबतक मानव तस्करी की शिकार सात बच्चियों को बरामद किया जा चुका है। जिसमें अधिकतर बच्चियां रनिया थाना क्षेत्र की रहने वाली हैं।


## शपथ पत्र

**समक्ष, नोटरी पलामू।**



मैं, सहनाज प्रवीण पिता परवेज आलम, गम्हेल रोड हुसैन नगर पहाड़ी मोहल्ला, वार्ड नंबर-5, मेदिनीनगर, जिला-पलामू झारखंड का निवासी हूं:-

1. यह कि मैं उपरोक्त नाम व पते का निवासी हूं।
2. यह कि मेरी नाम आधार कार्ड में सहनाज प्रवीण है और झारखंड एकेडमिक काउंसिल रांची के सर्टिफिकेट में मेरी नाम अजिमा काशिफ दर्ज हो गया है।
3. यह कि सहनाज प्रवीण एवं अजिमा काशिफ दोनों नामों से जानी व पुकारी जाती हूँ अर्थात दोनों नाम का एक ही व्यक्ति है। जो मैं ही हूं।
4. यह कि मेरी नाम परिवर्तन हो गई है, इसलिए मेरी नाम को सुधार किया जाये।

**बुक नंबर-06 सिरियल नंबर - 673**
**दिनांक - 17-05- 2024**

## शपथ पत्र

मैं हरिओम प्रकाश बरई आधार नं- 919102019517 पिता- स्व सोहर बरई ग्राम- खाटीन, पोस्ट+थाना - छतरपुर, जिला- पलामू राज्य- झारखंड, नागरिक भारतीय। शपथ पूर्वक निम्नांकित बातों का एकरार करता हूं कि :

1. यह कि निधि चौरसीया मेरी पुत्री है जिसकी जन्म तिथि 29.06.2009 है।
2. यह कि मेरी पुत्री के नाम से सुकन्या योजना है जिसका खाता भारतीय डाकघर, शाखा -छतरपुर पलामू में है जिसका खाता नं- 6115068418 है। जिसमें मेरी पुत्री का नाम साक्षी कुमारी पिता हरि ओम प्रकाश बरई दर्ज है जबकि आधार कार्ड एवं शैक्षणिक प्रमाण पत्र में निधि चौरसिया दर्ज है जो मेरी पुत्री का वास्तविक नाम है तथा पुकारू नाम साक्षी कुमारी है।
3. यह कि मेरी पुत्री की सुकन्या योजना के खाता में दर्ज नाम साक्षी कुमारी को सुधार कर निधि चौरसीया दर्ज करने वास्ते शपथ कर रहा हूं।

मैं हरिओम प्रकाश बरई शपथ पूर्वक एकरार करता हूँ कि उपरोक्त लिखी गई सभी बातें मेरे जानकारी में विश्वास के अनुसार सत्य व सही है यदि मेरे द्वारा गलत बयान शपथ पत्र में दर्ज कराई गई हो तो प्रकाशित हो जाने पर स्वयं दंड की भागी बनूंगा।

अनुमंडल दंडाधिकारी
छतरपुर पलामू।

क्रम सं- 219
दिनांक - 01.07.24

## खोया-पाया

मै प्रतिश खेताम, पिता - दुर्गा प्रसाद, पता - ग्राम+पोस्ट - पुंदाग, साहू चौक, थाना - पुंदाग ओ० पी०, जिला - राँची, का निवासी हूँ। यह कि दिनांक 24-07-2024 को घर से कटहल मोड़ चौक्कोटो कॉपी के लिए जाने के क्रम में निबंधित दस्तावेज संख्या 3847 दिनांक 07.07.1958 की मूल प्रति जो R.S प्लॉट नं० - 4022, खाता नं० - 336, डिड नं०-4391 दिनांक 15.10.1957, R.S प्लॉट नं०-1698, खाता नं०- 499, डिड नं-7716 दिनांक 22.08.1969, R.S प्लॉट नं० 3093, 3084 खाता नं०-140, स्थित मौजा - पुंदाग, थाना नं० - 228, थाना - पुंदाग ओ० पी०, जिला - राँची से संबन्धित है रास्ते में कहीं गिर गया, काफी खोजने के पश्चात भी उक्त दस्तावेज की मूल प्रति नहीं मिल पाई।

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गुमला

**शुद्धि पत्र**

उस कार्यालय के Tender No. 22/F2/2024-25 जिसका प्रकाशन PR No.333697 Minor Irrigation (24-25)_D है तथा जिसमें (नोट) क्रमांक 6 में आचरण की वैधता पूर्व की भांति निविदा निष्पादन की तिथि तक होनी चाहिए।

निविदा क्रमांक 1 में प्रखण्ड विशुनपुर के स्थान पर प्रखण्ड घाघरा समझा जाय एवं क्रमांक 2 में प्रखण्ड विशुनपुर के स्थान पर प्रखण्ड घाघरा एवं विशुनपुर दोनो समझा जाय। अन्य शर्तें पूर्व की भांति यथावत रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, गुमला।

PR.NO.333814 Minor Irrigation(24-25):D

## झारखण्ड सरकार
## कार्यालय जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, राँची

**इच्छा की अभिव्यक्ति हेतु आवेदन आमंत्रण सूचना**
**वित्तीय वर्ष 2024–25**

एतद् द्वारा राँची जिला के/अन्य मत्स्य बीज उत्पादकों को सूचित किया जाता है कि कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग) द्वारा तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्धार योजना अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024–25 में विभागीय राज्यादेश संख्या 04 रा0, दिनांक 30.05.2024 के आलोक में मेजर कार्प एवं ग्रास कार्प मछली के अंगुलिकाओं का संचयन किया जाना है।

विभागीय राज्यादेश संख्या 04 रा0, दिनांक 30.05.2024 के द्वारा इस योजना अन्तर्गत के उचित प्राधिकार से प्राप्त अनुमोदन के आलोक में राँची जिला के विभिन्न जलाशयों में संचयन हेतु मेजर कार्प के 50 लाख मत्स्य अंगुलिकाओं एवं ग्रास कार्प के 23 लाख मत्स्य अंगुलिकाओं का लक्ष्य प्राप्त है। इस क्रम में स्थानीय/अन्य मत्स्य बीज उत्पादकों से मेजर कार्प एवं ग्रास कार्प मछली के अंगुलिकाओं के सशर्त्त आपूर्ति हेतु विहित प्रपत्र में इच्छा की अभिव्यक्ति आमंत्रित की जाती है। (इस हेतु विहित प्रपत्र एवं आपूर्ति की शर्तें कार्यालय अवधि में जिला मत्स्य कार्यालय, डोरंडा, राँची से प्राप्त किया जा सकता है।)

– इच्छा की अभिव्यक्ति जमा करने का स्थान – जिला मत्स्य कार्यालय, डोरंडा, राँची।
–इच्छा की अभिव्यक्ति जमा करने की अंतिम तिथि– 13.09.2024 (कार्यालय अवधि तक)।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, राँची।

PR.NO.333780 Fish(24-25):D

## कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, कोडरमा

पत्रांक ................................/ दिनांक ............................ /

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 14/2024–25**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियन्ता, भवन प्रमंडल, कोडरमा।
2. परिमाण विपत्र की ब्रिकी की तिथि एवं समय :– 05.09.2024 को 1.00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 06.09.2024 को 3.00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 06.09.2024 को 3.30 बजे अपराह्न।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– क. कार्यपालक अभियंता भवन प्रमण्डल, कोडरमा का कार्यालय। ख. अधीक्षण अभियन्ता, भवन अंचल,हजारीबाग का कार्यालय।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :– क. कार्यपालक अभियंता भवन प्रमण्डल, कोडरमा का कार्यालय।
7. कार्य की विवरणी :–

| Group No. | Name of Work | Estimate Cost | Cost of BOQ | Earnest Money | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Repairing of Kitchen-Cum-Store in (1) NPS Brinda (2) NPS Behradih (3) NPS Kakuriya Thamai (4) UPS Naitand (5) PS Chitarpur under Block Koderma | 4,36,982.00 | 750.00 | 8750.00 | 2 Month |
| 2 | Repairing of Kitchen-Cum-Store in (1) PS Vidyapuri (2) PS Dumariyatand (3) PS Charadih (4) PS Chutiyaro (5) UPS Ambatand under Block Koderma | 4,94,700.00 | 750.00 | 10000.00 | 2 Month |
| 3 | Repairing of Kitchen-Cum-Store in (1) UPS Yadutand (2) UPS Kharedwa (3) UPS Dongopahri (4) UPS Inderwa Basti (5) UPS Bagretola (6) UPS Badkibagi (7) UPS Badkibagi Gumo under Block Koderma | 7,04,129.00 | 1250.00 | 14100.00 | 2 Month |
| 4 | Repairing of Kitchen-Cum-Store in (1) UPS Belder Muhalla (2) UPS Kahartola (3) PS Karapathar (4) UPS Koriyadih (5) UPS Kumhartola (6) UPS Kushana (7) UPS Kushwahatola under Block Koderma | 7,01,750.00 | 1250.00 | 14100.00 | 2 Month |
| 5 | Repairing of Kitchen-Cum-Store in (1) UPS Mahundra (2) NPS Meghatari (3) UPS Birhor Colony Ghandhi (4) UPS Piyartola (5) UPS Siyaritand (6) UPS Visrambag under Block Koderma | 5,76,836.00 | 1250.00 | 11600.00 | 2 Month |
| 6 | Repairing of Kitchen-Cum-Store in (1) UPS Chirkundi (2) UPS Harijantola Chiglawar (3) UPS Telaiya Basti (4) UPS Sapha (5) UPS Lakhibagi (6) UPS Kairitand (7) UPS Harijan Tola Baddiha under Block Koderma | 6,45,804.00 | 1250.00 | 13000.00 | 2 Month |
| 7 | Repairing of Kitchen-Cum-Store in (1) UPS Sujanpur (2) UPS Doiyadih (3) UPS Debradih (4) UPS Jarga (5) UPS Ambakola (6) UPS Gendwadh (7) NPS Saundedih (8) NPS Dumardiha under Block Koderma | 7,27,213.00 | 1250.00 | 14500.00 | 2 Month |
| 8 | Repairing of Kitchen-Cum-Store in (1) NPS Jhamakund (2) NPS Hathuwadharan (3) NPS Moriyawan (4) NPS Karhariya (5) GMS Koderma (6) UMS Jhalpo (7) UMS Bhadodih Urdu (8) MS Pathaldiha under Block Koderma | 7,73,790.00 | 1250.00 | 15500.00 | 2 Month |
| 9 | Repairing of Kitchen-Cum-Store in (1) UMS Sangramdih (2) UMS Chhattabar Urdu (3) MS Jullahabad (4) MS Kharkota (5) UMS Dhebuadih (6) UMS Jharitand (7) UMS Jhumri under Block Koderma | 6,90,899.00 | 1250.00 | 14000.00 | 2 Month |
| 10 | Repairing of Kitchen-Cum-Store in (1) MS inderwa Shahri (2) MS Inderwa Dehati (3) UMS Basdharwa (4) UMS Buchitand (5) UMS Salaidih (6) MS Dumardiha under Block Koderma | 7,03,772.00 | 1250.00 | 14100.00 | 2 Month |
| 11 | Repairing of Kitchen-Cum-Store in (1) MS Gajhandi (2) MS Gumo-2 (3) MS Belgadha (4) MS Kariyabar (5) UMS Kolgarma (6) UMS Meghatari (7) UMS Pipradih under Block Kodderma | 6,91,236.00 | 1250 | 14000.00 | 2 Month |
| 12 | Repairing of Kitchen-Cum-Store in (1) UMS Bhanderwa (2) UMS Pandeydih (3) UMS Salaiya (4) UMS Chechai (5) UMS Chandedih (6) UMS Jarga (7) UMS Garhai under Block Koderma | 6,90,693.00 | 1250.00 | 14000.00 | 2 Month |
| 13 | Repairing of Kitchen-Cum-Store in (1) UMS Garyidih (2) UPG Govt MS Glowadhab (3) UPG Govt MS Lochanpur (4) UPG Govt MS Rohanitanr (5) UMS Telaiya Basti (6) Govt MS Putto under Block Koderma | 5,80,236.00 | 1250.00 | 12000.00 | 2 Month |
| 14 | Repairing of Kitchen-Cum-Store in (1) PS Nauwadih (2) PS Asnabad (3) PS Kharkharo (4) MS Baddiha (5) MS Lariyadih (6) UMS Khairidih under Block Koderma | 5,14,712.00 | 1250.00 | 10300.00 | 2 Month |
| 15 | Repairing of Kitchen-Cum-Store in (1) MS Bekobar (2) UMS Lokai (3) UMS Purnanagar (4) UMS Barsotiyabar (5) UMS Lochanpur under Block Koderma | 4,58,118.00 | 750.00 | 9200.00 | 2 Month |
| 16 | Repairing of Kitchen-Cum-Store in (1) UMS Telaiya Basti (2) UPG Govt MS Anantdih (3) UPG MS Bhuiyatola Lokai (4) AMS Koderma under Block Koderma | 3,58,875.00 | 750.00 | 7200.00 | 2 Month |
| 17 | Repairing of Kitchen-Cum-Store in (1) PS Nandudih Katiya (2) UMS Bariyardih (3) PS Maktab Basodih (4) UMS Dumri (5) MS Samaidih under Block Satgawan | 4,42,503.00 | 500.00 | 8900.00 | 2 Month |
| 18 | Repairing of Kitchen-Cum-Store in (1) PS Bhakratarpar (2) UPS Chuwapahari (3) UPS Asnakoni (4) PS Bhakhara (5) UMS Pokhardiha (6) UPS Kairakala Mushartola (7) UPS Paharsingh Khaira (8) UPS Birhor Colony Gajhar under Block Satgawan | 7,16,904.00 | 1250.00 | 14400.00 | 2 Month |
| 19 | Repairing of Kitchen-Cum-Store in (1) UPS Ramsala (2) PS Chanddih (3) MS Shvipur under Block Satgawan | 2,49,657.00 | 500.00 | 5000.00 | 2 Month |
| 20 | Repairing of Kitchen-Cum-Store in (1) UPS Yogidih (2) UMS Rajawar (3) UMS Baigna (4) MS Debodih (5) UPS Chhapri under Block Satgawan | 4,28,375.00 | 750.00 | 8600.00 | 2 Month |
| 21 | Repairing of Kitchen-Cum-Store in (1) UPS Regania (2) UPS Handolwa (3) UPS Fatlahiya (4) UPS Theshwa (5) PS Kathara Kanya under Block Satgawan | 4,38,888.00 | 750.00 | 8800.00 | 2 Month |
| 22 | Repairing of Kitchen-Cum-Store in (1) UMS Karcheta (2) PS Mahtadih (3) UMS Kalidih (4) UPS Matukdih Gargohia under Block Satgawan | 3,58,364.00 | 750.00 | 7200.00 | 2 Month |
| 23 | Repairing of Kitchen-Cum-Store in (1)UPS Harijantola Ambabad (2) UPS Hethladih Ambabad (3) UMS Mathuradih (4) UPS Sewadih (5) UPS Ghurmuriya (6) UPS Jhingoiya Manorathdih (7) UMS Gajedih (8) UMS Khawashdih under Block Satgawan | 7,07,444.00 | 1250.00 | 14200.00 | 2 Month |
| 24 | Repairing of Kitchen-Cum-Store in (1) UMS Jamtato (2) NPS Muslim Tola Donaiya (3) UPS Ratanpur (4) UPS Hadhadwa (5) UPS Mohanria under Block Satgawan | 4,38,721.00 | 750.00 | 8800.00 | 2 Month |
| 25 | Repairing of Kitchen-Cum-Store in (1) NPS Dhanuki (2) UPS Kanikendra (3) UPS Bijhawariya (4) PS Gonardih (5) UMS Pachori (6) UMS Sarbahna (7) UMS Selari (8) UMS Bajaniya Hindi (9) UMS Bajaniya Urdu (10) UPS Ghorsahi under Block Satgawan | 8,77,441.00 | 1250.00 | 17600.00 | 2 Month |
| 26 | Emergent work such as Painting of Boundary wall and Stainless steel railing work of platform at bagitand stadium Dist koderma | 2,36,541.00 | 500.00 | 5000.00 | 15 Days |
| 27 | Emergent work to Toilet of District Najarat Officer and District Election Officer in Collectorate Building Koderma | 2,47,053.00 | 500.00 | 5000.00 | 15 Days |
| 28 | Emergent Repair work in Panchayat Election Officer Koderma at Collectorate Building Koderma | 2,49,242.00 | 500.00 | 5000.00 | 15 Days |
| 29 | Emergent Repair work to Staff Toilet of DDC Office in Collectorate Building Block B at Koderma Dist. | 2,48,228.00 | 500.00 | 5000.00 | 15 Days |
| 30 | Emergent work of Executive Magistrate Office Room and Shed in SDM Office Koderma Dist Koderma | 2,48,911.00 | 500.00 | 5000.00 | 15 Days |
| 31 | Emergent Repair of C1/6 Type Quarter near Raja Talab at Koderma | 2,31,610.00 | 500.00 | 5000.00 | 15 Days |

निविदा की शर्तें को www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियन्ता,
भवन प्रमण्डल, कोडरमा

PR 333770 Building(24-25).D

## स्पीड न्यूज

### ब्रेन हेमरेज से पूर्व एथलीट अरुण पहान का निधन



**अनगड़ा।** सिकिदिरी के पूर्व एथलीट व उषा मार्टिन के कर्मी अरूण पाहन 52 वर्ष का ब्रेन हेमरेज होने से सोमवार को आकस्मिक निधन हो गया । उनके आकस्मिक निधन से सिकिदिरी क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई । वे 1984 से 1996 तक शानदार खिलाड़ी रहे। खिलाड़ी के साथ साथ वे मृदभाषी और एक अच्छे इंसान भी थे उनके निधन पर बचपन के उनके मित्र और भाजपा नेता जैलेद्र कुमार पुर्व मुखिया श्रवण मुंडा जनकल्याण समर्पण संस्थान के अध्यक्ष सुजीत कुमार कार्तिक पाहन संजय कुमार गुड्डू सत्यपाल राउत श्याम महतो अमित कुमार झा ब्रजकिशोर प्रसाद प्रकाश मुंडा मिथिलेश बैठा पुंडेश्वर चौधरी मनोज महतो शशि मुंडा आदि ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की एवं उनके अंतिम संस्कार में शामिल हुए।

### तीन एकड़ जमीन गलत तरीके से पावर लेकर बेचा

**नामकुम।** अंचल के आरा मौजा के बडकाटोली के रहनेवाले रामवृत बडाईक ने अंचल कार्यालय में आवेदन देकर आरा मौजा के खाता संख्या 127 की अपनी पुष्तैनी तीन एकडा जमीन का दाखिल खारिज पर रोक लगाने की मांग की है। अंचल अधिकारी को दिए आवेदन में रामवृत ने बताया है कि उनकी पुष्तैनी जमीन को कारोबारियों द्वारा गलत तरीके से पावर लेकर बेच दिया गया है। जमीन अभी भी उन लोगों के कब्जे में है और उसपर उनकी दुकान और पूजास्थल बने हुए है। पीडित रामवृत ने बताया कि मामले को लेकर वह सिविल कोर्ट में मुकदमा भी दायर कर दिया है जिसका केस नंबर 417,2024 है। रामवृत ने मामले में अंचल अधिकारी, अंचल निरिक्षक और राजस्व कर्मचारी से मिलकर कोर्ट केष की कापी और आवेदन देकर दाखिल खारिज रोकने की गुहार लगायी है।

### पीएचसी इटकी में डाक्टरों के पदस्थापना के लिए लिखा पत्र

**इटकी।** इटकी प्रखंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों की पदस्थापन को लेकर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने झारखंड सरकार के चिकित्सा, शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के सचिव को पत्र लिखा है। पत्र में कहा गया है कि इटकी प्रखंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में दो चिकित्सकों के पद स्वीकृत होने के बाद भी यहां वर्तमान में लंबे समय से कोई भी चिकित्सक पदस्थापित नही है। चिकित्सकों के पद खाली होने के कारण लगभग 65 हजार आबादी को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। ग्रामीणों को स्वास्थ्य समस्या उत्पन्न होने पर तत्काल दूरदराज के प्रखंडो या फिर रांची जाना पड़ता है। जिसके कारण स्थिति विकट हो जाती है। उन्होंने अविलंब दो चिकित्सकों का पदस्थापन करने और तात्कालिक तौर पर सदर अस्पताल रांची से एक चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति करने के लिए अविलंब आवश्यक कार्यवाई करने की मांग की है।

### चान्हो में बोलेरो सहित 205 पेटी शराब जब्त

**चान्हो।** पुलिस ने सोमवार देर शाम एक बोलेरो पिकअप वाहन सहित अंग्रेजी शराब की 205 पेटी जप्त किया है। इसकी जानकारी पुलिस ने प्रेस विज्ञप्ति माध्यम से दिया है। बिज्ञेप्ति के अनुसार सोमवार को समय करीब संध्या 19 :30 बजे चान्हो थानान्तर्गत एन०एच०-75 मुख्य मार्ग में पाटुक पुल के समीप एंटी कईम चेकिंग के दौरान एक बोलेरो पिकअप वाहन रजि० नं०-जे एच 01बीइ -5815 को रोका गया, जिसपर उक्त वाहन के चालक एंव एक अन्य व्यक्ति वाहन से उतरकर भागने लगे, जिसे पकड़ने का काफी प्रयास किया गया परन्तु उक्त दोनो व्यक्ति अंधेरे का लाभ उठाकर भाग गये। पकड़े गये बोलेरो पिकअप वाहन की जाँच करने पर उसमे 205 पेटी अंग्रेजी शराब, प्रत्येक पेटी में 12 बोतल कुल 2480 बोतल अंगेजी शराब लदा बरामद किया।

# नामकुम : गोवंशीय पशु लदे दो पिकअप वैन जब्त

खबर मन्त्र संवाददाता



**नामकुम।** खरसीदाग ओपी पुलिस ने मंगलवार सुबह लगभग पांच बजे नामकुम तुपुदाना रिंगरोड पर डुंगरी समीप दो बोलेरो पिकअप वैन को जब्त कर लिया। दोनो पिकअप वैन पर पंद्रह गोवंशीय पशुओं को बांध कर ले जा रहा था। पुलिस ने दोनो वैन के चालको को भी हिरासत में ले लिया है। ओपी प्रभारी भवेश कुमार ने बताया कि उन्हे गुप्त सूचना मिली थी कि रिंगरोड के रास्ते दो पिकअप वैन पर बूचडखाने में बेचने की नियत से पंद्रह गोवंशीय पशुओं को ले जाया जा रहा है। जिसके बाद उन्होने वाहन जांच लगाया, उसी क्रम में लगभग पांच बजे डुंगरी समीप से पशु लदे दोनो पिकअप वैन को पकडा गया। पकडे गए पिकअप वैन संख्या बीआर 44जीए 2231 के चालक विकास कुमार यादव तथा जेएच05 बीपी 4648 के चालक सत्येन्द्र कुमार यादव को को भी पकडा गया है। पकडे गए चालकों ने बताया कि पशुओं को भोजपुर के बंबवार से सरायकेला के आदित्यपुर ले जाया जा रहा था। प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी डा सुरेन्द्र कुमार ने पशुओं की स्वास्थय जांच की और सभी पशुओं को जिम्मेनामा पर स्थानीय ग्रामीणों को दे दिया गया। पकडे गए दोनों पिकअप के चालको को जेल भेज दिया गया।

## ओरमांझी में टैंकर ने मजदूर को रौंदा, मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** थाना क्षेत्र के टोल प्लाजा मनातू ओरमांझी के पास हुई एक सड़क दुर्घटना में 41 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के पुंदाग निवासी भकरू मुंडा का बेटा महाबली मुंडा के रूप में हुई है। सोमवार की शाम सात बजे हुई दुर्घटना में बताया गया कि महाबली मुंडा चुटूपालू बाजार गया था। वह बाजार से पैदल लौट रहा था। रांची से हजारीबाग जा रहा एक टैंकर ने उसे कुचल दिया। घटना के बाद स्थानीय लोगों द्वारा उपचार के लिए सीएचसी डुंडे ओरमांझी ले जाया गया। वहां प्रथमिक उपचार के बाद रिम्स भेज दिया गया। जहां उपचार के दौरान ही उसकी मौत हो गई। खिजरी विधानसभा के बीजेपी नेता भीम मुंडा ने घटना के प्रति दुख जताते हुए कहा कि घर में मृतक की पत्नी मुनी देवी, दो बेटी व एक बेटा व वृद्ध माता-पिता के साथ रहता था। वह क्रशर में मजदूरी कर किसी प्रकार घर की जीविका चलाता था। स्वजनों के लिए मदद और मुआवजे की मांग की गई है।



मृतक की फाइल फोटो।

## सांसद-विधायक ने रखी योजना की आधारशिला

### प्रखंड में 5.5 करोड़ की लागत से बन रहा क्वार्टर

- आमंत्रित नहीं थीं जिप अध्यक्ष
- महीनों से चल रहा निर्माण कार्य

खबर मन्त्र संवाददाता





अब तक पूर्ण हुये काम की तस्वीर।

**रातू।** राज्य संपोषित योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन को लेकर नेताओं में अप्रत्याशित होड़ मची है। इसका ताजा उदाहरण प्रखंड परिसर में करीब 5.5 करोड़ की लागत से बनने वाले ग्रामीण विकास विभाग की ओर से स्वीकृत ऑफिसर, पर्यवेक्षक और स्टॉफ क्वार्टर निर्माण योजना है। सांसद सह केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और हटिया विधायक नवीन जायसवाल ने 27 अगस्त की दोपहर इसकी आधारशिला रखी। जबकि, संवेदक ने पूर्व मंत्री आलमगीर आलम के कार्यकाल में ही इसका निर्माण कार्य शुरू कर दिया है। प्लिंथ लेबल तक काम हो गया है। आधी से कुछ कम चहारदीवारी भी हो चुकी है। प्रोटोकॉल के तहत हुये शिलान्यास के बावजूद प्रतिनिधियों के इस कृत्य को हास्यास्पद बताया जा रहा है। जिला परिषद अध्यक्ष निर्मला भगत, प्रमुख संगीता तिर्की व उप प्रमुख रियाजुल अंसारी को समारोह में आमंत्रित नहीं किये जाने से ग्रामीण नाराज हैं।

#### कार्यक्रम में थे शामिल

सीओ सह बीडीओ रवि कुमार, उतरी मुखिया महेश्वरी देवी, पूर्वी की सुषमा तिर्की, भाजपा की पूर्वी और पश्चिमी मंडल अध्यक्ष परमेश्वर गोप, सुबोध साहू समेत जेम्स खलखो, संजय राय, मुखराम सिंह, संजीव तिवारी, मुकेश भगत, कृष्णा भगत, अमित गोप, संजय महतो, राजेश भगत, एसपी साहू, राजेंद्र राय, रमेश साहू, राजेश सिंह, आरडी तिवारी व संतोष भगत आदि।

## रेल धनबाद के सदस्य बने भरत रजक

खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता भरत रजक को केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने मंडल रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति पूर्व मध्य रेल धनबाद के सदस्य के रूप में मनोनीत किया। भारतीय जनता पार्टी खलारी मंडल की ओर से केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री को बहुत-बहुत आभार व्यक्त किया। खलारी मंडल सलाहकार समिति के लिए मनोनीत भरत रजक को खलारी मंडल अध्यक्ष अनिल गंझू, रांची जिला ग्रामीण उपाध्यक्ष प्रीतम साहू,ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष मिथिलेश प्रजापति,जितेंद्र नाथ पांडेय,शशि प्रसाद साहू,श्याम सिंह, रविन्द्र मुंडा, रामसूरत यादव, सिनी सामद, कृष्ण चौहान, अभिषेक चौहान, रवि भूषण सिंह, आनंद झा, सोखी महतो, जितेंद्र भारती, शशि उरांव,मनोज कुमार, मनोज जायसवाल, किरण देवी, प्रमोद प्रजापति, शत्रुंजय सिंह, कमलेश महतो,र ाजू गुप्ता, अरविंद सिंह, दिलीप पासवान, प्रदीप प्रमाणिक, भरत प्रजापति, रमेश विश्वकर्मा, लालेश्वर यादव, गणेश यादव सहित अन्य ने बधाई व शुभकामनाएं दिया।



## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर डकरा में धूमधाम से कृष्ण जन्माष्टमी मनी

### राधा-कृष्ण का रूप धर कर बच्चे पहुंचे स्कूल नृत्य के साथ मनमोहक गीत प्रस्तुत किये गये

खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर डकरा में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का उत्सव मनाया गया। जिसमें कक्षा अरुण से लेकर कक्षा द्वितीय तक के भैया बहनों ने राधा कृष्ण रूप सजा प्रतियोगिता में भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत उप प्रधानाचार्य विद्यानंद झा द्वारा प्रज्वलित कर किया गया। इस प्रतियोगिता में कुल 56 बच्चों ने भाग लिया। जिसमें बेस्ट कृष्णा भैया ऋषु राज , बेस्ट राधा बहन आयशा, नैना एवं मिष्टी संयुक्त रूप से एवं बेस्ट मां यशोदा एवं कान्हा का पुरस्कार कियान एवं उनकी माता को दिया गया। कार्यक्रम में बच्चों के द्वारा मनमोहक राधा - कृष्ण नृत्य एवं भजन पेश किए गए। श्री कृष्ण का जीवन, त्याग, ज्ञान चंचलता एवं दयालुता से भरा हुआ है, उनका जीवन हमेशा हमें सत्मार्ग की ओर प्रेषित करता है। शांति संदेश एवं श्री कृष्ण आरती तथा प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी आचार्य एवं दीदी जी का सहयोग सराहनीय रहा।

## रातू : ओछी राजनीति कर रहे सांसद-विधायक : निर्मला

खबर मन्त्र संवाददाता



निर्मला भगत।

**रातू।** सांसद संजय सेठ और विधायक नवीन जायसवाल की ओर से स्टॉफ क्वार्टर का शिलान्यास मामले में जिप अध्यक्ष निर्मला भगत की तीखी प्रतिक्रिया आयी है। उन्होंने कहा कि दोनों ओछी राजनीति कर पंचायत प्रतिनिधियों के अधिकार का हनन करने पर आमादा हैं। उन्होंने कहा कि भवन का निर्माण कार्य पिछले छह महीने से चल रहा है। इसमें अनियमितता की वजह से काम बंद कराया गया है। उन्हें बगैर सूचना दिये शिलान्यास करना न्यायोचित नहीं है। जिप सदस्य मनीषा देवी को भी आमंत्रण नहीं भेजा गया। इतना ही नहीं, कार्यक्षेत्र होने के नाते दोनों का नाम शिलापट्ट में होने चाहिये था। लेकिन, ऐसा नहीं किया गया। श्रीमती भगत ने नेताओं पर सस्ती लोकप्रियता हासिल करने का आरोप लगाया है। वह देर शाम पत्रकारों से बातचीत कर रही थीं।

## ओरमांझी: लोहरा समाज की बैठक में डीसी ऑफिस घेरने का निर्णय



खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** 30 अगस्त 2024 को डीसी कार्यालय का घेराव को सफल बनाने व लोहरा समुदाय का जातीय जनगणना कराने की मांग को लेकर मंगलवार को आदिवासी लोहरा समाज की एक बैठक प्रखंड अध्यक्ष महेश लोहरा की अध्यक्षता में हुई। जिसमें लोहरा समाज की समस्या व जाति प्रमााण पत्र निर्गत नही होने के संबंध में चर्चा किया गया। साथ ओरमांझी प्रमुख स्व. शिवचरण करमाली की पुण्य तिथि पर लोहरा समाज द्वारा मनातु ओरमांझी में कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। संचालन मुन्नू लोहरा ने किया। आदिवासी लोहरा समाज के प्रदेश के कार्यकारिणी अध्यक्ष अभय भुटकुंवर, महासचिव प्रीतम सांड लोहरा, रांची जिला अध्यक्ष बैजनाथ लोहरा, उपाध्यक्ष दीपक लोहरा, सचिव मोहित कुमार, कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र लोहरा सहित समाज के कई लोग शामिल थे।

### व्यवसायिक प्रशिक्षकों हड़ताल जारी

**बेड़ो।** झारखंड व्यवसायिक प्रशिक्षक संघ के आह्वान पर अपने विभिन्न मांगों के समर्थन में रांची जिले के सभी प्लस टू विद्यालय के व्यावसायिक प्रशिक्षक हड़ताल पर चले गए। वही सभी व्यवसायिक शिक्षकों का अपने विभिन्न मांगों को लेकर रांची में पिछले 20 अगस्त से धरना प्रदर्शन जारी है। व्यवसायिक शिक्षकों ने मांग की है कि ठेका प्रथा को खत्म कर विभाग में समायोजन किया जाए। एवं प्रत्येक वर्ष नियम अनुसार वेतन वृद्धि किया जाए।

## ग्रामीणों ने सड़क पर की धनरोपनी

- सड़क निर्माण नहीं हुआ तो चुनाव में होगी परेशानी

खबर मन्त्र संवाददाता



**ओरमांझी।** रांची रामगढ़ पथ से केदल जाने वाले सड़क में गढे व किचड़ से परेशान ग्रामीणों ने सड़क पर धनरोपनी कर विरोध जताया। मंगलवार को गांव के मोती महतो, रंथु करमाली, राजेष महतो, दुर्गा मुंडा, कमलेष महतो, विलासो देवी, कलावती देवी, आरती देवी, डुपनी देवी, अघनी देवी सहित कई ग्रामीणों ने सड़क पर धनरोपनी किया और कहा पिछले कई वर्ष से सड़क के गढे से लोग परेषान हैं। खासकर वर्षा के मौसम में रास्ते में भरे किचड़ से काफी परेशानियों को समाना करना पड़ता है। स्कूली बच्चे व दो पहिया वाहनों को ज्यादा परेषानी होती है। इसे लेकर सांसद व विधायक से भी सड़क निर्माण करने की मांग की गई है। जल्द ही सड़क निर्माण कार्य नही हुआ तो आने वाले चुनाव में वोट मांगने गांव आने वाले नेताओं को ग्रामीणों का आक्रोश का समना करना पड़ेगा।

## बेड़ो : नेत्र जांच कर दिया गया चश्मा

**बेड़ो।** डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल बेड़ो में मंगलवार को रामकृष्ण मिशन मोरहाबादी के तत्वावधान व स्वामी शुखमयानंद जी के नेतृत्व में नेत्र जांच शिविर और बच्चों की नैतिक शिक्षा पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। नेत्र जांच कक्षा नौवीं के साठ बच्चों का टेक्नीशियन गोविंद कुमार के द्वारा किया गया। जिसमें दस बच्चों का द्दष्टि दोष पाया गया। जिन्हें रामकृष्ण मिशन के द्वारा ही मुफ्त में चश्मा बनाकर दिया जाएगा। साथ ही सभी बच्चों को विटामिन ए की गोली दी गई। पिछले जांच में जिन तेरह बच्चों का द्दष्टि दोष पाया गया था, उन्हें निःशुल्क चश्मा भी वितरित किया गया। मौके पर स्वामी शुखमयानंद जी ने बच्चों को आंखों को स्वस्थ रखने के लिए गाजर और हरी सब्जी खाने की सलाह दी। स्वामी शुखमयानंद जी के द्वारा नैतिक शिक्षा के कार्यशाला में बच्चों को पढ़ाई के साथ साथ खेलकूद और शारीरिक व्यायाम करने की सलाह दिया। अगर शरीर स्वस्थ रहेगा तो पढ़ाई भी अच्छे से होगी। उन्होंने कहा कि मन को एकाग्र कर पढ़ाई में केंद्रित करनी चाहिए। योग प्रशिक्षक उज्ज्वल आनंद ने बच्चों को योग के द्वारा कैसे अपने शरीर को कैसे स्वस्थ रखने व और ध्यान के द्वारा कैसे अपने मन को कन्ट्रोल करने की जानकारी दी गई।

### एक नजर में

### भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर राज्य भर के आरओ और एआरओ का प्रशिक्षण शुरू

**पांच दिन चलेगा कार्यक्रम, मिलेगा प्रमाण पत्र**

**रातू।** निर्वाचन आयोग के निर्देश पर झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 को नियमानुसार, संपन्न कराने को लेकर जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान सभागार में राज्य के सभी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले प्रखंडों के सीओ, बीडीओ एवं असिस्टेंट रिटर्निंग ऑफिसर के अधिकारों, कार्यो और दायित्वों का प्रशिक्षण प्रारंभ हो गया है। पांच दिवसीय इस प्रशिक्षण शिविर में अंचलाधिकारी व प्रखंड विकास पदाधिकारी भाग ले रहे हैं। अंतिम दिन इन्हें प्रमाण पत्र दिये जायेंगे। उड़ीसा से आये नेशनल लेवल मास्टर ट्रेनर प्रणव सिंह अधिकारियों को चुनाव संबंधी प्रशिक्षण दे रहे हैं। इसके पहले दिन मंगलवार को 150 पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया।

### पूर्व विधायक ने जन चौपाल में सुनीं समस्याएं



**सिकिदिरी।** पूर्व विधायक राम कुमार पाहन ने प्रखंड के राजाडेरा, पसराढीपा, सूपा, सिकिदिरी में विभिन्न समास्या को लेकर जन चौपाल लगाया। ग्रामीणों ने बिजली, सड़क और पेयजल समस्या रखी। राम कुमार पाहन ने ग्रामीणों से समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया। उन्होंने वर्तमान सरकार को हर क्षेत्र में नाकाम साबित हो रही है। इस मौके पर जगन्नाथ महतो,लोकनाथ महतो, सन्नू महतो, दिनेश महतो, तुलसी महतो, बालेश्वर महतो, जगेश्वर महतो, दिपीका देवी, बालेश्वर महली, रामू महतो, प्रदीप साहु, रमण कुमार, सतपाल राउत संजय करमाली आदि उपस्थित थे।

### चान्हो : जिप सदस्य ने खिलाड़ियों को दिये फुटबॉल और जर्सी



**चान्हो।** प्रखंड अन्तर्गत तरंगा पंचायत के एमडी टीम तरंगा फुटबॉल खिलाड़ियों के बीच मंगलवार को आजसू केन्द्रीय सचिव सह जिला परिषद सदस्य आशुतोष तिवारी ने जर्सी एवं फुटबॉल वितरण किया। ईस अवसर पर आशुतोष तिवारी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ी उचित संसाधनों के अभाव के बावजूद फुटबॉल के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। मौके पर डॉक्टर अनिल साहू, रामसेवक साहू, सकील मियां, मो सैफुल्लाह, जसीम मियां, राजिक आलम, सहित अन्य मौजूद थे।

## खेल बच्चों को रचनात्मक बनाता है : शेखर बोस

### विजेता खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता



**खलारी।** खेल बच्चों में रचनात्मकता को प्रोत्साहित करता है। खेल के माध्यम से मिलने वाली चुनौती बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक होती है खेल-खेल में शिक्षा बोझरहित व मनोरंजक होती है। इससे बच्चों में आत्मविश्वास पैदा होता है और बच्चे स्वप्रेरित होते हैं। बच्चों के लिए खेल प्राकृतिक, सहज, आनंददायक एवं लाभप्रद होता है। खेलों से हम समय प्रबंधन के साथ-साथ अनुशासन भी सीखते हैं। उन्होंने कहा कि वॉलीबॉल और कबड्डी के लिए स्पेशल कैंप दुर्गा पूजा के बाद लगाया जाएगा जिसमें इच्छुक छात्र-छात्राएँ भाग ले सकेंगे। उक्त बातें बतौर मुख्यातिथि प्रख्यात खेलविद, झारखंड वॉलीबॉल स्टेट संगठन के जनरल सेक्रेटरी श्री शेखर बोस ने डीएवी स्कूल खलारी में राष्ट्रीय खेलोंह्व के अंतर्गत क्लस्टर और जोनल (राज्य) स्तर के खेलों में विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित कार्यक्रम में कहा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के द्वारा विद्यालय के कुल 224 विजेता खिलाड़ियों को स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक प्रदान करके सम्मानित किया। उन्होंने सभी खिलाड़ियों, विशेषकर बालिका वर्ग अंडर-14 वॉलीबॉल टीम की सराहना की।

#### सर्वश्रेष्ठ टीम को दिया गया स्वर्ण पदक

कार्यक्रम में स्वर्ण पदक के साथ-साथ सर्वश्रेष्ठ टीम होने पर ट्रॉफी भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी अंतरा कुमारी,लड़को में भारोतोलन - वेट लिफ्टिंग कैटेगरी में स्वर्ण पदक अभय यादव व वुशु में स्वर्ण पदक विजेता प्रगति शाक्या जैन सहित अन्य खिलाड़ियों को मेडल पहनकर सम्मानित किया। कार्यक्रम से पूर्व मुख्यातिथि को विद्यालय पहुँचने पर प्राचार्य डॉ. कमलेश कुमार ने गुलदस्ता भेंट करके स्वागत किया। इस अवसर पर गोपी चौरासिया, रोहित कुमार, खेल शिक्षक संतोष कुमार, गीता कुमारी, टी एन उपाध्याय एवं अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

# निर्विरोध आइसीसी के अध्यक्ष चुने गए शाह

**एक दिसंबर से संभालेंगे पद**

**एजेंसी**

**दुबई।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआइ) के सचिव जय शाह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आइसीसी) के अगले अध्यक्ष चुने गए हैं। अक्टूबर 2019 से बीसीसीआई का कामकाज संभाल रहे जय शाह एक दिसंबर 2024 से आइसीसी चेयरमैन का पद संभालेंगे। मौजूदा अध्यक्ष ग्रेग बार्कले का कार्यकाल 30 नवंबर को समाप्त हो रहा है और इस पद के लिए नामांकन करने की अंतिम तिथि 27 अगस्त थी। शाह को अब बीसीसीआइ सचिव का पद छोड़ना होगा। बोर्ड की आमसभा की बैठक अगले महीने या अक्तूबर में होगी।

### आइसीसी बोर्ड में सबसे प्रभावशाली चेहरा हैं जय शाह

आइसीसी के अनुसार, जय शाह एकमात्र उम्मीदवार थे जिन्होंने इस पद के लिए नामांकन भरा था और उन्हें निर्विरोध अगला अध्यक्ष चुना गया है। बार्कले ने 30 नवंबर को अपना कार्यकाल समाप्त होने के बाद तीसरे कार्यकाल की दौड़ से खुद को अलग कर लिया था जिससे खेल की वैश्विक संचालन संस्था में जय शाह के भविष्य को लेकर अटकलें तेज हो गई थीं। शाह को आइसीसी के बोर्ड में सबसे प्रभावशाली चेहरों में से एक माना जाता है। वह वर्तमान में आइसीसी की शक्तिशाली वित्त और वाणिज्यिक मामलों की उप समिति के प्रमुख का संभाल रहे थे।

### आइसीसी अध्यक्ष बनने वाले पांचवें भारतीय

जय शाह इसके साथ ही आइसीसी अध्यक्ष बनने वाले पांचवें भारतीय बन गए हैं। उनसे पहले जगमोहन डालमिया, शरद पवार, एन श्रीनिवासन और शशांक मनोहर ऐसे भारतीय हैं जिन्होंने अतीत में आइसीसी का नेतृत्व किया है।

## हमारा लक्ष्य क्रिकेट को और भी प्रसिद्ध बनाना है'



आइसीसी अध्यक्ष पद पर चुने जाने के बाद जय शाह ने क्रिकेट की वैश्विक पहुंच और लोकप्रियता को आगे बढ़ाने का इरादा व्यक्त किया। आइसीसी के बयान के अनुसार, शाह ने कहा, आइसीसी अध्यक्ष पद पर चुने जाने से मैं अभिभूत हूं। मैं वैश्विक क्रिकेट को आगे बढ़ाने के लिए आइसीसी टीम और हमारे सदस्य देशों के साथ काम करने के लिए प्रतिबद्ध हूं। हम एक महत्वपूर्ण मोड़ पर खड़े हैं जहां कई प्रारूपों के सह-अस्तित्व को संतुलित करना, नई तकनीक को अपनाने को बढ़ावा देना और हमारे प्रमुख कार्यक्रमों को नए वैश्विक बाजारों में पेश करना बहुत महत्वपूर्ण हो गया है। हमारा लक्ष्य क्रिकेट को और भी प्रसिद्ध बनाना है। उन्होंने कहा, हमने काफी सीख ली है, लेकिन हमें और भी विचार करने की जरूरत है जिससे क्रिकेट को दुनियाभर में और पसंद किया जाए। लॉस एंजिलिस ओलंपिक 2028 में क्रिकेट को शामिल करना इस बात को दशार्ता है कि क्रिकेट का विकास हो रहा है। मुझे विश्वास है कि यह खेल को अभूतपूर्व तरीके से आगे बढ़ाएगा।

### नहीं पड़ी चुनाव की जरूरत

आइसीसी चेयरमैन दो-दो साल के तीन कार्यकाल के लिए पात्र होता है और न्यूजीलैंड के बार्कले ने अब तक चार साल पूरे कर लिए हैं। आइसीसी के नियमों के अनुसार चेयरमैन के चुनाव में 16 वोट होते हैं और अब विजेता के लिए नौ मत का साधारण बहुमत (51%) आवश्यक है। इससे पहले चेयरमैन बनने के लिए निवर्तमान के पास दो-तिहाई बहुमत होना आवश्यक था। हालांकि, जय शाह के अलावा किसी अन्य ने नामांकन दाखिल नहीं किया था इसलिए चुनाव कराने की जरूरत ही नहीं पड़ी।

## जोकोविच और जोविक ने अपने मुकाबले जीते

**न्यूयॉर्क।** सार्बिया के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने माल्दोवा के राडू अलबोट को हराकर यूएस ओपन में अपने अभियान की शुरूआत की। इसी के साथ महिला वर्ग में अमेरिका की युवा खिलाड़ी इवा जोविक ने पोलैंड की मैग्डा लिनेट को हराया। सोमवार को खेले गये इस मुकाबले में जोकोविच ने अलबोट को 6-2, 6-2, 6-4 से हराया। जोकोविच ने अपनी इस 89वीं जीत के साथ स्विटरजलैंड के रोजर फेडरर के रिकार्ड की बराबरी कर ली।

## अभ्यास मैच में वेस्टइंडीज व द. अफ्रीका से भिड़ेगा भारत: आइसीसी

**दुबई।** भारतीय महिला टीम आगामी टी-20 विश्वकप से पहले 29 सितंबर को वेस्टइंडीज और एक अक्टूबर को दक्षिण अफ्रीका के साथ अभ्यास मैच खेलेंगी। आइसीसी ने कहा है कि 28 सितंबर से एक अक्टूबर तक संयुक्त अरब अमीरात में महिला टी-20 विश्वकप 2024 के अभ्यास मैच खेले जायेंगे। उन्होंने कहा कि महिला टी-20 विश्वकप के लिए क्वालीफाई करने वाली सभी 10 टीमें अभ्यास मैचों में भाग लेंगी। प्रत्येक टीम को दो-दो अभ्यास मैच खेलने होंगे। अभ्यास मैच राउंड में एक ही ग्रुप की कोई भी दो टीमें एक-दूसरे से नहीं भिड़ेंगी।

## जीव, ज्योति और विश्व के शीर्ष सितारे लीजेंड्स टूर में करेंगे प्रतिस्पर्धा

**नयी दिल्ली।** भारत के प्रसिद्ध गोल्फ खिलाड़ी जीव मिल्खा सिंह, ज्योति रंधावा सहित दुनिया भर के 64 गोल्फर एचएसबीसी इंडिया लीजेंड्स गोल्फ चैंपियनशिप में प्रतिस्पर्धा करेंगे। पांच लाख अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि वाला यह टूनार्मेंट 30 अगस्त से एक सितंबर तक ग्रेटर नोएडा के जेपी ग्रीन्स गोल्फ कोर्स में खेला जायेगा। लीजेंड्स टूर पर भारत का पहला गोल्फ टूनार्मेंट है। टूनार्मेंट का हिस्सा न्यूजीलैंड के पूर्व यूएस ओपन चैंपियन माइकल कैंपबेल भी होंगे। टूनार्मेंट के विजेता को 74 हजार 250 अमेरिकी डॉलर, उपविजेता को 49 हजार अमेरिकी डॉलर तथा तीसरे स्थान पर रहने वाले को 32 हजार 700 अमेरिकी डॉलर मिलेंगे।

# पैरा ओलंपिक की आज से आगाज

## भारतीय दल से रिकॉर्ड पदक लाने की रहेगी उम्मीद

**एजेंसी**




**नयी दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक की शुरूआत से बुधवार से हो रही है। हाल ही में संपन्न हुए ओलंपिक में भारत अपने पिछले प्रदर्शन को नहीं दोहरा सका था, लेकिन देश को पैरा एथलीटों से इस बार रिकॉर्ड पदक जीतने की उम्मीद रहेगी। भारत ने इस बार इन खेलों के लिए अपना अब तक का सबसे बड़ा दल भेजा गै। भारत के 84 खिलाड़ी पदक के लिए जोर लगाएंगे। भारत ने 2021 में टोक्यो पैरालंपिक में पांच स्वर्ण सहित रिकॉर्ड 19 पदक जीते थे और वह समग्र रैंकिंग में 24वें स्थान पर रहा था। इसके तीन साल बाद भारत का लक्ष्य स्वर्ण पदकों की संख्या दोहरे अंक में पहुंचाने और कुल 25 से अधिक पदक जीतना है। भारत इस बार 12 खेलों में भाग ले रहा है, जबकि टोक्यो में 54 सदस्यीय टीम ने नौ खेलों में भाग लिया था।

### भारत ने एशियाई पैरा खेलों में लहराया था परचम

भारतीय खिलाड़ियों ने हाल में अच्छा प्रदर्शन करके उम्मीद बढ़ा दी है। भारत ने पिछले साल हांगझोउ एशियाई पैरा खेलों में 29 स्वर्ण सहित रिकॉर्ड 111 पदक जीते थे। इसके बाद मई में विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारत ने आधा दर्जन स्वर्ण सहित 17 पदक जीते। एशियाई खेलों में पदक जीतने वाले कई खिलाड़ी पैरालंपिक टीम में शामिल हैं। इनमें विश्व रिकॉर्डधारी भाला फेंक खिलाड़ी सुमित अंतिल (एफ64) और राइफल निशानेबाज अवनि लेखरा (10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग एसएच1) जैसे शीर्ष सितारे शामिल हैं। ये दोनों टोक्यो में जीते गए अपने स्वर्ण पदक का बचाव करने के लिए उतरेंगे।

### एथलेटिक्स टीम से काफी उम्मीदें

भारत के लिए पैरा एथलेटिक्स टीम ने अतीत में अच्छा प्रदर्शन किया है और इस बार भी एथलेटिक्स में भाग ले रहे 38 खिलाड़ियों से देश को काफी उम्मीद है। पदक के अन्य प्रमुख दावेदारों में पैरा तीरंदाज शीतल देवी शामिल हैं, जो अपने पैरों से निशाना लगाती हैं। उनके अलावा होकाटो सेमा (शॉट पुट) और नारायण कोंगनापल्ले (रोवर) और कई अन्य खिलाड़ी पदक के दावेदार हैं।

### सुमित-लेखरा टोक्यो के प्रदर्शन को दोहराना चाहेंगे

सुमित ने मई में पैरा विश्व चैंपियनशिप में भी स्वर्ण पदक जीता था और वह पेरिस में उसी स्थान पर 75 मीटर का आंकड़ा पार करने की उम्मीद कर रहे हैं जहां नीरज चोपड़ा ने इस महीने के शुरू में ओलंपिक रजत पदक जीता था। लेखरा ने एक स्वर्ण और एक कांस्य के साथ टोक्यो में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और दो पदक जीते थे। उनके अलावा सिंहराज अधाना (रजत और कांस्य) ने भी दो पदक हासिल किए थे लेकिन वह मौजूदा टीम में जगह नहीं बना सके। लेखरा पैरालंपिक स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला थीं। वह अब पैरालंपिक में तीन पदक जीतने वाले खिलाड़ियों की सूची में शामिल होना चाहेंगी।

### सुहास यतिराज फिर होंगे दावेदार

टोक्यो में रजत पदक जीतने वाले सुहास यतिराज पुरुष एकल और मिश्रित युगल में फिर से पदक के दावेदार होंगे। पैरा तीरंदाजी में शीतल और हरविंदर सिंह पदक के दावेदारों में से होंगे। हरविंदर ने टोक्यो में पुरुषों की व्यक्तिगत रिकर्व ओपन में कांस्य पदक जीता था। टोक्यो में टेबल टेनिस में रजत पदक जीतने वाली भाविनाबेन पटेल का लक्ष्य स्वर्ण पदक जीतना होगा। व्हीलचेयर पर बैठकर खेलने वाली यह खिलाड़ी महिला एकल एस4 और महिला युगल डी10 स्पधाओं में भाग लेगी। एशियाई पैरा खेलों में एफ34 स्पर्धा में रजत पदक जीतने वाले सुमित अंतिल और शॉट पुटर भाग्यश्री जाधव पैरालंपिक खेलों के इतिहास में पहली बार किसी स्टेडियम के बाहर आयोजित होने वाले उद्घाटन समारोह में भारत के ध्वजवाहक होंगे।



**महिला टी20 विश्व कप 2024**

# हरमनप्रीत के नेतृत्व में भारतीय टीम घोषित

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआइ) ने मंगलवार को आगामी महिला टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। इस टीम की कमान हरमनप्रीत कौर के हाथों में दी गई है। वहीं, सलामी बैटर स्मृति मंधाना को उपकप्तान बनाया गया है। बीसीसीआइ द्वारा एक मजबूत बैटिंग लाइन-अप वाली टीम का चयन किया गया है। स्मृति मंधाना के शैफाली वर्मा के साथ ओपनिंग करने की उम्मीद है, जबकि भारत के पास दयालन हेमलता के रूप में एक और शीर्ष क्रम बैटर का विकल्प मौजूद है, जिन्होंने बांग्लादेश सीरीज के दौरान यास्तिका की जगह नंबर 3 पर बल्लेबाजी की थी। जेमिमा रोड्रिग्स, दीप्ति शर्मा, ऋचा घोष और कप्तान हरमनप्रीत कौर भारत के बैटिंग लाइन अप को मजबूती देंगी। ऋचा घोष भारत की पहली विकेटकीपिंग विकल्प होंगी। हालांकि, यास्तिका को उनके बैक-अप के रूप में 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। गेंदबाजी यूनिट में रेणुका सिंह, पूजा वस्त्रकार, दीप्ति शर्मा, राधा यादव, आशा शोभना, सजना सजीवन और श्रेयंका पाटिल शामिल हैं।




**आइसीसी महिला टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए भारतीय टीम**

हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), शैफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष (विकेटकीपर), यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), पूजा वस्त्राकर, अरुंधति रेड्डी, रेणुका सिंह ठाकुर, दयालन हेमलता, आशा शोभना, राधा यादव, श्रेयंका पाटिल, सजना सजीवन। ट्रेवलिंग रिजर्व: उमा छेत्री (विकेटकीपर), तनुजा कंवर, साइमा ठाकोर

### यास्तिका और श्रेयंका को फिटनेस क्लीयरेंस की जरुरत

भारत ने पिछले महीने खेले गए महिला एशिया कप के लिए चुनी गई 15 सदस्यीय टीम में से सिर्फ एक बदलाव किया है। जिसमें विकेटकीपर यास्तिका भाटिया को उमा छेत्री की जगह शामिल किया गया है। हालांकि यास्तिका को फिटनेस क्लीयरेंस की जरुरत है. पिछले महीने बांग्लादेश के खिलाफ टी20 सीरीज के दौरान उन्हें चोट लग गई थी, जिसके कारण वह एशिया कप से बाहर हो गई थीं। साथ ही टीम में शामिल स्टार स्पिनर ऑलराउंडर श्रेयंका पाटिल को भी फिटनेस क्लीयरेंस की आवश्यकता है। एशिया कप के दौरान इस स्पिनर के बाएं हाथ की चौथी उंगली में फ्रैक्चर हो गया था और वह टूनार्मेंट से बाहर हो गई थीं।

## इंग्लैंड ने महिला टी20 विश्व कप के लिए घोषित की टीम, बेस हीथ, फ्रेया केम्प, गिब्सन नये चेहरे

**एजेंसी**

**लंदन।** इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (इसीबी) अक्टूबर में संयुक्त अरब अमीरात में होने वाले महिला टी20-विश्व कप के लिए इंग्लिश टीम की घोषणा कर दी है। टीम में विकेटकीपर बल्लेबाज बेस हीथ, ऑलराउंडर फ्रेया केम्प और डेनिएल गिब्सन नया चेहरा हैं। हीथर नाइट चौथी बार टी20 वर्ल्ड कप में टीम की कप्तानी करेंगी। टी20 विश्व कप के लिए चुनी गई 15 सदस्यीय टीम में कम से कम 12 सदस्य दक्षिण अफ्रीका में आयोजित 2023 टी20 विश्व कप में इंग्लैंड टीम का हिस्सा थे। लॉरेन विनफील्ड-हिल, केट क्रॉस और कैथरीन साइवर-ब्रंट (सेवानिवृत्त) तीन ऐसी खिलाड़ी हैं जो 2024 बैच का हिस्सा नहीं हैं। गिब्सन 2023 में टीम के साथ थीं, लेकिन केवल एक यात्रा रिजर्व के रूप में। टीम को लेकर पर कप्तान नाइट ने कहा, एक खिलाड़ी के रूप में शामिल होने के लिए विश्व कप हमेशा विशेष आयोजन होते हैं और यूएई में कार्यभार संभालने के लिए हमने जो टीम चुनी है, उससे मैं वास्तव में उत्साहित हूं। टीम का नेतृत्व करना सम्मान की बात है। एक और विश्व कप हम आगे आने वाली चुनौतियों और अवसरों का इंतजार कर रहे हैं। मुख्य कोच जॉन लुईस ने कहा, खिलाड़ियों के इस समूह के साथ टीम का चयन करना अविश्वसनीय रूप से मुश्किल और कठिन हो गया है। ऐसे खिलाड़ी हैं जो वास्तव में दुर्भाग्यशाली रहे हैं कि वे बाहर हो गए हैं और हम भविष्य में इंग्लैंड क्रिकेट के लिए जो करेंगे वे उसका एक बड़ा हिस्सा होंगे।

**टी20 विश्व कप के लिए इंग्लैंड की टीम:** हीथर नाइट (कप्तान), लॉरेन बेल, माइया बाउचियर, एलिस कैप्सी, चार्ली डीन, सोफिया डंकले, सोफी एक्लेस्टोन, डेनिएल गिब्सन, सारा ग्लेन, बेस हीथ, एमी जोन्स, फ्रेया केम्प, नेट साइवर-ब्रंट , लिन्से स्मिथ, डैनी व्याट।

## धवन के बाद कार्तिक भी खेलेंगे लीजेंड्स लीग

**नयी दिल्ली।** शिखर धवन के लीजेंड्स लीग क्रिकेट के आगामी सीजन में शामिल होने की घोषणा के एक दिन बाद, भारत के पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज दिनेश कार्तिक भी इसमें शामिल हो गए हैं। कार्तिक ने इस साल जून में इंडियन प्रीमियर लीग 2024 सीजन की समाप्ति के बाद क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा की। उन्होंने कैश-रिच लीग में अपने अंतिम कार्यकाल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का प्रतिनिधित्व किया। मध्य क्रम में अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी के लिए जाने जाते कार्तिक कमेंटेटर के तौर पर भी असाधारण काम कर रहे हैं। 39 वर्षीय खिलाड़ी ने एलएलसी में शामिल होने के बारे में अपनी भावनाएं व्यक्त कीं और कहा कि लीजेंड्स लीग क्रिकेट में खेलना निश्चित रूप से एक ऐसी चीज है जिसका मैं अपनी सेवानिवृत्ति के बाद इंतजार कर रहा हूं।

# दलीप ट्रॉफी: सिराज, जडेजा पहले दौर के लिए इंडिया बी टीम से बाहर

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज और ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा को दलीप ट्रॉफी के लिए इंडिया बी टीम से रिलीज कर दिया गया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआइ) ने मंगलवार को उक्त घोषणा की। सिराज बीमारी के कारण पहले दौर में नहीं खेलेंगे। तेज गेंदबाज उमरान मलिक, जो इंडिया सी का हिस्सा थे, भी एक्शन में नहीं होंगे। उनके प्रतिस्थापन के रूप में क्रमशः नवदीप सैनी और गौरव यादव को नामित किया गया है। जडेजा के नहीं खेलने का कारण नहीं बताया गया है। भारत के व्यस्त टेस्ट कैलेंडर से पहले मैच अभ्यास देने की उम्मीद के साथ शुभमन गिल और यशस्वी जयसवाल समेत कई भारतीय खिलाड़ियों को टूनार्मेंट में शामिल किया गया था। भारत अन्य पांच मैचों के लिए नवंबर में ऑस्ट्रेलिया जाने से पहले बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर पांच टेस्ट मैच खेलेगा। टूनार्मेंट 5 सितंबर, 2024 से अनंतपुर, आंध्र प्रदेश और बेंगलुरु में शुरू होने वाला है।

**दलीप ट्रॉफी के लिए अपडेटेड टीम**

- **भारत ए:** शुभमन गिल (कप्तान), मयंक अग्रवाल, रियान पराग, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), केएल राहुल, तिलक वर्मा, शिवम दुबे, तनुश कोटियन, कुलदीप यादव, आकाश दीप, प्रसिद्ध कृष्णा, खलील अहमद, आवेश खान, विदवथ कावेरप्पा , कुमार कुशाग्र, शास्वत रावत।
- **भारत बी:** अभिमन्यु ईश्वरन (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, सरफराज खान, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), मुशीर खान, नितीश कुमार रेड्डी*, वाशिंगटन सुंदर, नवदीप सैनी, यश दयाल, मुकेश कुमार, राहुल चाहर, आर साई किशोर, मोहित अवस्थी , एन जगदीसन (डब्ल्यूके)।
- **भारत सी:** रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), साई सुदर्शन, रजत पाटीदार, अभिषेक पोरेल (विकेटकीपर), सूर्यकुमार यादव, बी इंद्रजीत, रितिक शौकीन, मानव सुथार, गौरव यादव, विशाक विजयकुमार, अंशुल खंबोज, हिमांशु चौहान, मयंक मारकंडे, आर्यन जुयाल (डब्ल्यूके), संदीप वारियर।
- **भारत डी:** श्रेयस अय्यर (कप्तान), अथर्व तायडे, यश दुबे, देवदत्त पडिक्कल, इशान किशन (विकेटकीपर), रिकी भुई, सारांश जैन, अक्षर पटेल, अर्शदीप सिंह, आदित्य ठाकरे, हर्षित राणा, तुषार देशपांडे, आकाश सेनगुप्ता, केएस भरत (डब्ल्यूके),सौरभ कुमार।

# पहले दौर में हारकर बाहर हुए नागल

**यूएस ओपन**

**एजेंसी**




**नयी दिल्ली।** पुरुष एकल वर्ग में भारत के सर्वोच्च वरीयता प्राप्त पुरुष टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल मंगलवार को नीदरलैंड के टैलोन ग्रीक्सपूर से हारकर यूएस ओपन से बाहर हो गए हैं। नागल को अपने से कहीं बेहतर रैंकिंग वाले एथलीट के खिलाफ सीधे सेटों में 6-1, 6-3, 7-6 से हार का सामना करना पड़ा। पहले सेट में डच खिलाड़ी ने पूरी तरह दबदबा बनाया और नागल की सर्विस कई बार तोड़ी और 6-1 से जीत दर्ज की। दुनिया में 40वें नंबर के ग्रिक्सपूर किसी भी तरह से एक्सीलेटर से अपना पैर हटाने के मूड में नहीं थे और उन्होंने भारतीय खिलाड़ी को बैकफुट पर ही रखा। दूसरे सेट में नागल ने बेहतर प्रदर्शन किया लेकिन ग्रिक्सपूर को रोकने के लिए यह काफी नहीं था और नागल दूसरा सेट भी 6-3 से हार गए। जल्दी बाहर होने की आशंका के चलते नागल ने तीसरे सेट में अपना स्तर बढ़ाया और सात अंकों के टाई-ब्रेकर में दो सेट प्वाइंट हासिल किया और मुकाबले में बने रहे। हालांकि, डच खिलाड़ी ने अंतर कम करने के लिए एक बेहतरीन ऐस लगाया और फिर जीत दर्ज की। 2019 और 2020 में अपने पिछले दो मुकाबलों के बाद यह नागल का यूएस ओपन के मुख्य ड्रॉ में तीसरा प्रवेश था। 27 वर्षीय खिलाड़ी के लिए अब तक का सीजन बहुत खराब रहा है। वह ऑस्ट्रेलियन ओपन में दूसरे दौर से आगे नहीं बढ़ पाए और फ्रेंच ओपन और विंबलडन चैंपियनशिप में पहले दौर से ही बाहर हो गए हैं। नागल को पेरिस ओलंपिक में भी निराशा का सामना करना पड़ा था, जब उन्हें फ्रांसीसी खिलाड़ी कोरेंटिन मौटेट के हाथों हार के बाद पहले ही दौर से बाहर होना पड़ा था। इस बीच, अमेरिकी ओपन में भारत की उम्मीदें अभी भी जीवित हैं क्योंकि रोहन बोपन्ना, युकी भांबरी और एन श्रीराम बालाजी को अपने-अपने जोड़ीदारों के साथ पुरुष युगल वर्ग में अपने अभियान की शुरूआत करनी है।

## रोहित और विराट 40 की उम्र तक खेलते नजर आ सकते हैं : बांगर

**नयी दिल्ली।** पूर्व भारतीय ऑलराउंडर और बल्लेबाजी कोच संजय बांगड़ ने कहा कि स्टार बल्लेबाज विराट कोहली और रोहित शर्मा संभावित रूप से 'हिटमैन' के साथ कुछ और वर्षों तक मेन इन ब्लू की सेवा कर सकते हैं। बांगर द राव पॉडकास्ट पर बोलते हुए बांगर ने दावा किया कि फिटनेस और पोषण में सुधार के साथ दोनों 40 साल की उम्र तक खेल सकते हैं। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों का करियर लंबा होता जा रहा है और अगर इससे भारतीय टीम को फायदा हो रहा है। मुझे लगता है कि विराट अभी कम से कम अगले पांच साल तक टेस्ट क्रिकेट खेलेंगे और रोहित तब तक खेलते रहेंगे।

## जूनियर व महिला क्रिकेट में भी अब मिलेगी पुरस्कार राशि: बीसीसीआइ

**एजेंसी**

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआइ) ने घरेलू टूनार्मेंट विजय हजारे ट्रॉफी और सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में महिला और जूनियर क्रिकेट मैंच में प्लेयर ऑफ द मैच और प्लेयर ऑफ द टूनार्मेंट खिलाड़ियों को पुरस्कार राशि देने की घोषणा की है।

बीसीसीआइ के सचिव जय शाह ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर यह घोषणा करते हुए कहा, हम घरेलू क्रिकेट टूनार्मेंट के माध्यम से महिला और जूनियर क्रिकेट में भी पुरस्कार राशि देने का मन बना लिया हैं। इसके अलावा विजय हजारे ट्रॉफी और सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में भी अब प्लेयर ऑफ द मैच खिलाड़ी को पुरस्कार राशि दी जाएगी। हम सोच है कि घरेलू क्रिकेट में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को भी पहचान मिले।

उल्लेखनीय है कि इससे पहले पिछले वर्ष बीसीसीआई ने सभी घरेलू टूनार्मेंट की पुरस्कार राशि भी बढ़ाने की घोषणा की थी। जैसे की रणजी ट्रॉफी विजेता टीम को पांच करोड़, दलीप ट्रॉफी विजेता को एक करोड़, ईरानी कप विजेता को 50 लाख, सीनियर महिला वनडे कप विजेता टीम को 50 लाख रुपये दिए जाते थे। वहीं उपविजेता और सेमीफाइनल में पहुंची टीमों को भी पुरस्कार राशि दी जाती थी।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिन: -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

